तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 किसानों के खाते में सम्मान योजना की 19वां किस्त जारी





11 डिजिटल साक्षरता और खेलों के महत्व पर जागरुकता कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### दोस्त पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार



भिलाई। दोस्त पर प्राण घातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109,25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी से धारदार चाकू भी जब्त किया है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि शिव नगर राजीव नगर वार्ड नंबर 02 दुर्ग निवासी सरस्वती गायधनी ने शिकायत किया था कि 19 अगस्त 2024 की रात अपने घर में खाना खाकर दरवाजा के पास बैठी थी। तभी बेटा राहुल गायधनी दोस्त सौरभ साहू ऊर्फ मंडल के साथ बाइक से आया। रात 1.30 बजे पीड़िता के पहचान वाली राजीव नगर निवासी उषा पाल ने बताया कि राहुल गायधनी को सौरभ मंडल ने गार्डन मोड के पास हत्या करने की नियत से धारदार चाकू से गले में, गाल में, पीठ, छाती में वार कर चोट पहुचाया है। तुरंत परिजनों उसे देखने घटनास्थल पहुंचे थे। जहां राहुल पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत के बाद थाना प्रभारी विजय कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ आरोपी राजीव नगर दुर्ग निवासी सौरभ साहू उर्फ मंडल की खोजबीन में लग गई। घटना के बाद आरोपी नागपुर महाराष्ट्र भाग गया था। घटना के 6 माह बाद अपने घर आने पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

### अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी, बाल-बाल बचे



भिलाई। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे के डिवाइडर में चढ़ गई। हादसे में कार सवार व आसपास के लोग बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक टाटा नेक्शन कार एमएच 49 सीडी 6300 साक्षरता चौक के पास बने डिवाइडर की रेलिंग को तोड़ते हुए चढ़ गई। कार में एक महिला व दो पुरुष सवार थे जो कि ओड़िशा से महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे। कार सवारों के मुताबिक पीछे से आ रही ट्रक ने उनकी कार को ठोकर मारी जिससे कार अनियंत्रित हो गई और यह हादसा हुआ। हादसा हुआ वहां डिवाइडर पर लोहे की रेलिंग लगी हुई थी। यदि रेलिंग नहीं होती तो कार दूसरी ओर पलट सकती थी। हादसा बड़ा हो सकता था। घटना की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कार को निकाला।

### तीन चरण के चुनाव के बाद छह भाजपा और पांच पर कांग्रेस की जीत

# जिला पंचायत की ट्रिपल इंजन सरकार में फंसा बागियों का पेंच, उम्मीद कायम

राहुल शर्मा ▸▸| दुर्ग

बारह सीट वाली जिला पंचायत में भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार बनना लगभग तय माना जा रहा है। बहुमत हासिल करने भाजपा को सात सीट की जरूरत पडेगी। जबकि भाजपा के पास छः सीट है। ऐसे में पूरा दारोमदार भाजपा की बागी प्रत्याशी प्रिया साहू पर टिकी है। बागी प्रत्याशी का समर्थन अगर मिलती है तो केन्द्र व राज्य की तरह गांव में भी भाजपा ट्रिपल इंजन की फतेह हासिल करेगी। जानकारी अनुसार तीन चरण के चुनाव निपटने के बाद सामने आए परिणाम के अनुसार भाजपा के छः प्रत्याशी जीतकर आए है, वही कांग्रेस को पांच सीट मिले हैं। जबकि बहुमत के लिए सात सीट की जरूरत हैं। कांग्रेस के लिए सरकार बनाना इसलिए पहाड खोदने जैसा हैं, क्योंकि उनके पास वर्तमान में पांच सीट है। उन्हें सरकार बनाने बागी प्रत्याशी पर डोरे डालने होगें। अगर इसमें कामयाब भी होते है तो उन्हें एक सीट का समर्थन और जुटाना होगा। ऐसे में भाजपा के जीतने वाले प्रत्याशी के बीच सेंध लगाना कांग्रेस के लिए पहाड खोदने जैसा होगा। बहरहाल भाजपा के पास आए छः सीट में एक सीट कम पड रही हैं। ऐसी चर्चा है कि, भाजपा पार्टी से बागी होकर लडी प्रिया साहु जिसने बीजेपी के बीना देशमुख को हराया हैं। उसे अपने पक्ष में लेने पूरा ताकत झोंकेगें। माना जा रहा है कि, पिछले बार टिकट नही मिलने पर निर्दलीय होकर चुनाव लडी प्रिया साहु को इस बार बडी जिम्मेदारी भी मिलेगी।

### भाजपा की बागी प्रिया बनीं किंगमेकर



### जिलाध्यक्ष के लिए दोनों पार्टी से महिला दावेदार

जिला पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण एससी है। बारह सीट में जीतकर आए प्रत्याशी में दो ही महिला इस वर्ग से आ रही है। जिसमें भाजपा की क्षेत्र क्रमांक चार से जीतकर आई सरस्वती बंजारे और कांग्रेस से क्षेत्र तीन से विजई प्रत्याशी उषा सोनवानी है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए इन्ही दो महिला प्रत्याशी के बीच चयन होगा। लेकिन इससे पहले दोनो पार्टियों को समर्थन जुटाने की कवायद पहले करनी होगी।

**नौ महिला और तीन पुरूष जीतकर आए:** जिला पंचायत के बारह सीट में भले ही सात सीट महिला के लिए आरक्षित थी। लेकिन अन्य सीट में मुक्त होने के चलते चुनाव लडने का विकल्प मिला और बारह सीट में नौ सीट महिला प्रत्याशी जीतकर आई है। जबकि तीन पुरूष प्रत्याशी जिला पंचायत में शामिल होगें। पिछले बार पांच पुरूष और महिला अध्यक्ष के साथ इनकी संख्या सात थी। इस बार बढकर नौ हो गई हैं।

### जिला पंचायत के बारह सीट की स्थिति

| क्षेत्र क्रमांक | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1 | पवन शर्मा | भाजपा |
| 2 | दानेश्वर साहू | कांग्रेस |
| 3 | उषा सोनवानी | कांग्रेस |
| 4 | सरस्वती बंजारे | भाजपा |
| 5 | जितेन्द्र यादव | भाजपा |
| 6 | प्रिया साहु (बागी) | भाजपा |
| 7 | आशा विक्की मिश्रा | कांग्रेस |
| 8 | श्रद्धा साहू | भाजपा |
| 9 | देवेन्द्र चंद्रवंशी | कांग्रेस |
| 10 | नीलम चंद्राकर | भाजपा |
| 11 | नोमिन ठाकुर | कांग्रेस |
| 12 | कल्पना साहू | भाजपा |

### 8वीं बार महिला के हाथों में कमान

पंचायतीराज गठन के बाद जिला पंचायत में छः चुनाव हो चुके है। पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष रही शालिनी रिवेन्द्र यादव की निधन होने के बाद पुष्पा यादव ने सात बार कमान संभाली थी। इस कार्यकाल में दो महिला अध्यक्ष रही है। वही अब सातवां जिला पंचायत के चुनाव में आठवां अध्यक्ष भी महिला होगी और इन्हें के कमान में जिला पंचायत का सदन होगा। जानकारी अनुसार पहला जिला पंचायत अध्यक्ष कमला बघेल रहे, उसके बाद धनुष जायसवाल, तीसरा झमित साहू, चौथा जीवन लाल वर्मा, पांचवा माया बेलचंदन, छठवां शालिनी रिवेन्द्र यादव और सातवां पुष्पा यादव व वर्तमान में आठवां महिला जीतकर आएंगी।

### सांसद ने डीईओ से की चर्चा

# नवमीं हिंदी का पेपर अब 26 मार्च के बजाए 9 मार्च को

**बदले गए परीक्षा के टाइम टेबल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



कक्षा नवमी की परीक्षा को लेकर पालक सहित बच्चे खासे चितिंत थे। कक्षा नवमी की परीक्षा आगामी 26 मार्च से शुरू हो रही है। पहला पेपर 26 मार्च को होना है। इसके बाद टाइम टेबल में लगातार 26 से 29 मार्च तक पेपर होने थे। इसे लेकर पालकों का कहना था कि परीक्षा में कम से कम एक दिन गेप दिया जाना चाहिए। परिजनों ने इसे लेकर सांसद विजय बघेल से मांग की। विजय बघेल ने डीईओ को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद डीईओ अरविंद मिश्रा ने 27 मार्च के पेपर हिन्दी विषय को 9 मार्च कर दिया है। डीईओ ने बताया कि 9 मार्च को अब हिन्दी की परीक्षा होगी। वहीं आठ विषय की परीक्षा तय दिनांक को होगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा के कारण तारीख को लेकर समस्या आ रही थी, जिसे सुधार लिया गया हैं।






# ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शो रुम से स्कार्पियों वाहन को पार्किंग में लगाने बाहर किया जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार को मामूली चोट आने पर ड्राइवर हडबड़ा गया और ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबाने से हादसे में तीन लोग घायल हो गए है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर 12 बजे शास्त्री अस्पताल के बाजू में बने महेन्द्रा शोरूम का ड्राइवर मुकुंद तरोने स्कॉर्पियो को निकालकर पार्किंग में खड़ी करने जा रहा था। तभी ब्रेक की जगह उसका पैर एक्सीलेटर पर पड़ने के कारण अचानक वाहन की रफ्तार तेज हो गई। जो सामने खड़ी बाइक और स्कूटी से टकरा गई। हादसे में दो युवक और एक बच्ची घायल है। घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। घटना के बाद लोगों की खासी भीड़ हो गई। वहीं स्कॉर्पियो के नीचे फंसी स्कूटी और बाइक को निकालकर लोगों ने सड़क किनारे किया। महेन्द्रा शोरूम के सामने सर्विस रोड पर स्टाफ और ग्राहकों की वाहने पार्क की जाती है। जिसके कारण जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। इससे अस्पताल आने जाने वाली एम्बुलेंस भी भीड़ में अक्सर फंस जाती है। बावजूद शो रुम पर कार्रवाई नहीं की जाती है।



### डेमो वाहन से हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शोरूम से डेमो वाली स्कार्पियो वाहन चलाते हुए हादसा करने वाला युवक नशे की हालत में होने की जानकारी दी। लेकिन पुलिस का कहना है कि पार्किंग के दौरान हादसा होना बता रही है। फिलहाल डेमो के लिए शोरूम में खड़ी स्कार्पियो वाहन को पार्किंग में रखने के लिए बाहर कर रहा था।

### एक्सीलेटर पर पैर दबने से हादसा

वाहन को पार्किंग के लिए निकाला जा रहा था। इस दौरान वाहन किसी से टकरा गई और ड्राइवर का ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पैर दब जाने से हादसा हुआ है। चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

-राजेश मिश्रा, टीआई सुपेला थाना

### आप के कार्यकर्ताओं ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

# आवास के लिए महिला लगा रही 15 साल से चक्कर, 3 लाख सरकारी खाते में किए जमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



सरकारी आवाज के लिए एक महिला पिछले करीब 15 साल से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। पहले वाम्बे आवास फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर उससे 3 लाख रुपए से ज्यादा की राशि सरकारी खजाने में जमा भी करा ली गई, लेकिन मकान आज पर्यन्त नहीं दिया गया। इस मामले के खुलासे के बाद आम आदमी पार्टी ने इस पूरे मामले की शिकायत भिलाई निगम के आयुक्त से की है। साथ ही पूरे मामले की जांच कर दोषी अफसरों के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। आप कार्यकर्ता पीड़ित मीना रामटेके को लेकर सोमवार को निगम पहुंचे थे। उन्होंने इस पूरे मामले का खुलासा किया। मीना पिछले 15 साल से आवास के लिए चककर काट रही है। मीणा रामटेक ने वर्ष 2007 में वाम्बे आवास क्े लिए सबसे पहले 1500 रुपए की रसीद कटवाई थी। 2009 में फार्म भरा। 25 सितंबर 2009 को उससे 2000 रुपए और जमा कराया गया। उसे बुद्ध विहार में मकान नम्बर 64 आवंटित होने की जानकारी दी गई। निगम ने अनुबंध भी किया। अनुबंध में 40 हजार का मकान था, जिसमें सरकार की तरफ से 20 हजार जमा होने थे। बाकी 20 हजार मीणा रामटेक को देने थे। पहले उसने 2 हजार रुपए दिए थे। इसलिए उसे 18000 रुपए जमा कराने थे। 200 रुपए प्रति मासिक किश्त तय की गई। 2009 में आवास आवंटन का पत्र भी मिल गया, जब वह बुद्ध विहार मॉडल टाउन मकान नंबर 64 में रहने गई तो उसे पता चला कि मकान में अवैध कब्जा है।

### निगम ने दी जानकारी कि दूसरे को कर दिया गया है आवंटित

मीना ने पति रूप दास रामटेक के साथ कई बार कब्जे की शिकायत की। निगम को 2009 से 2016 तक कई शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि मकान में सूरज साहू अंजलि साहू के नाम पर आवंटित कर दिया गया है। वर्ष 2023 में मीना रामटेक के पति ने फिर से प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया। फॉर्म भरकर निगम को करीब 3 लाख रुपए दिए। पूरी प्रक्रिया होने के बाद मकान की आवंटन में मकान खमरिया में आवंटित होने जा रहा था। उसी समय निगम की अधिकारियों ने मीणा रामटेक के ऊपर आरोप लगाया कि आपका नाम पर पहले से एक आवास वाम्बे आवास आवंटित है। इस कारण से आवास नहीं मिल सकता। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के मेहरबान सिंह, बलविंदर सिंह, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, योगेश, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, जीतू निषाद, सुभाष बांसोड़, रूप दास, अविनाश, अमीषा ने शिकायत की है। मेहरबान सिंह ने बताया कि 3 लाख रुपए से ज्यादा की राशि जमा कराने के बाद भी महिला को सरकारी आवास नहीं मिल पाया है। वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है, जबकि इस मामले में निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की सीधे तौर पर गलती नजर आ रही है। उन पर आपराधिक मामला दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मामले में शिकायत के बाद निगम ने जांच के निर्देश दिए है।




## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि के पूर्व नदी पहुंच मार्ग का हो संधारण : वोरा

**दुर्ग।** हर वर्ष शहर में महाशिवरात्रि पर्व का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है। शिवनाथ नदी तट पर हजारों की संख्या में दुर्ग-भिलाई की जनता सुबह से ही पहुंचते है। वर्तमान में शिवनाथ नदी पहुंच मार्ग अत्यंत ही जर्जर व धूल के गुब्बारे उड़ रहे है। शिवनाथ नदी में मेला भी लगता है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। इसे दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण वोरा ने कलेक्टर व निगम आयुक्त से कहा कि शिवनाथ नदी पहुंच मार्ग जर्जर है और धुल के गुब्बारे उडऩे व उचित प्रकाश व्यवस्था ना होने से आम राहगीर काफी परेशान है। महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान रखते हुए निगम सफाई व प्रकाश का पुख्ता इतंजाम करें और पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम उपलब्ध रहें। साथ ही श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था व स्नान के बाद चैजिंग रुम बनाने की आवश्यता है। जिससे श्रद्धालुओं को स्नान के बाद बेह्तर सुविधा मिल सके। वोरा के साथ पार्षद अश्वनी निषाद, प्रमिला गुप्ता, खोरबाहरा निषाद, टोमन निषाद के साथ ही वार्डवासी उपस्थित थे।

### शिवमंदिर का प्रथम स्थापना दिवस कल



**दुर्ग।** श्री शिव सिद्धि विनायक मंदिर विवेकानंद नगर गणपति चौक में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दिन मंदिर में श्री सिद्धेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष भी पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर दोपहर 3 बजे से मंदिर में रूद्राभिषेक हवन होगा। शाम 7 बजे से प्रसाद वितरण किया जायेगा। मंदिर समिति के संरक्षक एनआर चकोले, अध्यक्ष अनिल मिश्रा के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि एवं मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई है। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, सचिव नारायण सिन्हा, एवं कोषाध्यक्ष मलखान सिंह लोधी एवं टीम द्वारा तैयारियां की जा रही है। यह जानकारी समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी जीएस ताम्रकार ने दी।

### हजरत बाबा शाह का उर्स पाक आज

**दुर्ग।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा अर्ब्दुलरहमान शाह कूली रह. अलैह का तारीखी उर्स 28 शाबान का तीन दिवसीय कार्यक्रम पुराना बस स्टैंड में 25 फरवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कव्वाली का कार्यक्रम होगा। 25 फरवरीको मुक्करम अली वारसी (भोपाल) इंटरनेशनल कव्वाल, 26 फरवरी को आल इंडिया नातिया मुशायरा व 27 फरवरी को आम लंगर शाम 7 बजे से होगा। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष अफजल हुसैन ने दी है। आयोजन को लेकर कमेटी के सदस्य जुटे हुए हैं। कमेटी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# अध्यक्ष के लिए जिले में पांच और जनपद में चार मार्च को होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के दूसरे ही दिन राज्य शासन द्वारा निर्वाचन की समयसारिणी जारी कर दी गई हैं। जिसके अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पांच मार्च और जनपद अध्यक्ष के लिए चार मार्च को निर्वाचन किया जाएगा। वही ग्राम पंचायतों में उप सरपंच के लिए आठ मार्च को तारीख मुकर्र किए गए हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, तीन चरण में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो चुका हैं। जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्यों की जीत के बाद अब अध्यक्ष के पद का चुनाव किया जाना है। राज्य शासन से टाइम टेबल जारी होने के बाद राजनीतिक पार्टियां भी सक्रिय हो गई हैं। जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना 27 फरवरी को जारी की जाएगी। इसी दिन अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए निर्वाचित सदस्यो की सूची जारी की जाएगी। जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 मार्च एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन 5 मार्च को होगा। इसके पश्चात जनपद पंचायत का प्रथम विशेष सम्मिलन 7 एवं जिला पंचायत का10 मार्च को होगा

## 27 फरवरी को जारी होगी निर्वाचन प्रकाशन की अधिसूचना

### ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का निर्वाचन

इसी प्रकार ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच एवं पंचो की अधिसूचना भी 27 फरवरी को जारी होगी। इसके पश्चात 3 मार्च को ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मिलन आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन पंचो को उपसरपंच निर्वाचन हेतु सूचना जारी की जाएगी वहीं ग्राम पंचायत के उपसरपंच निर्वाचन के लिए सम्मिलन 8 मार्च को होगा।




### जनपद से लेकर जिला में माथापच्ची

जिला और जनपद सदस्यों के चुनाव के बाद सामने आए परिणाम की माने तो जिला पंचायत में भाजपा को छः सीट मिले हैं। वही कांग्रेस को सिर्फ पांच सीट मिले है। यहां बहुमत जुटाने सात प्रत्याशियों का समर्थन चाहिए। भाजपा की बागी प्रत्याशी को मिलाकर सात सीट हो रहे हैं। वही दूसरी तरफ दुर्ग और पाटन जनपद में दोनो पार्टियों को बहुमत नही हैं। ऐसे में आगे चलकर राजनीतिक उठापटक हो सकती हैं।

## प्रक्रिया : सभापति के चयन बाद एमआईसी के लिए मचेगी खींचतान

# एमआईसी और सभापति बनने दावेदारी के लिए भाजपा में फौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में भाजपा के चालीस पार्षद जीतकर आए है। ऐसे में सभापति और एमआईसी मेंबर बनने एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति हैं। बहरहाल सभापति को लेकर बढ-चढकर नाम भी सामने आ रहे है। वही एमआईसी के लिए भी लाबिंग शुरू हो गई हैं।

एमआईसी के पहले सभापति का चयन किया जाना हैं। इसके लिए नगरनिगम चुनाव के बाद सभापति को लेकर भाजपा में कवायद शुरू हो गई हैं। आगामी तीन मार्च के पहले प्रथम सम्मेलन होना है। इसके पहले ही राज्य शासन द्वारा पर्ववेक्षक नियुक्त कर दिए गए है। सूत्रों ने बताया कि, जल्द ही पर्यवेक्षक दुर्ग पहुंचेगें और पार्षदों के बीच रायशुमारी भी करेगें। बहरहाल चर्चा ऐसी भी है कि, सभापति के लिए भाजपा में पैनलों में नाम सामने आ रहे हैं। सभापति के पद पर काबिज होने पार्षदों ने आलाकमान तक लाबिंग शुरू कर दी हैं। पार्षद इस बीच कई प्रभावशाली नेताओं के चक्कर भी लगा रहे है। देखना है कि, अब सभापति के लिए किस मापदंड के आधार पर चयन होगा।

## प्रथम सम्मेलन के बाद एमआईसी गठन की शुरू होगी कवायद




### सभापति के बाद एमआईसी का गठन

प्रथम सम्मेलन के बाद एमआईसी के लिए कवायद शुरू हो जाएगी। लेकिन अभी से ही पार्षद प्रत्याशी लाबिंग में जूट गए हैं। पार्षद सभापति और एमआईसी सदस्य बनने शीर्ष नेतृत्व तक एप्रोच लगाने में जूटे है। नगरनिगम में वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग, सामान्य प्रशासन, नगरीय नियोजन एवं लोककर्म विभाग, अग्निशमन विद्युत संधारण एवं यांत्रिकीय विभाग, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा खेलकुद एवं युवा कल्याण, संस्कृति पर्यटन मनारंजन एवं विरासत संरक्षण व पर्यावरण उद्यानिकी व स्वास्थ्य विभाग शामिल हैं। एमआईसी में लगभग 12 सदस्य होते हैं।

### किसके पाले में होगा सभापति का फैसला

सभापति के चयन को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई हैं। भाजपा के नेताओं का कहना हैं कि, वे जल्द ही दुर्ग पहुंचकर पार्षदों से रायशुमारी करेगें। अब सवाल यह उठता है कि, पार्षदों के चर्चा के बाद एक नाम फाइनल को लेकर संगठन तय करेगे या इसकी अंतिम सहमति विधायक गजेन्द्र यादव के पाले में जाएगा। निगम में मेयर से पार्षदों की जीत में विधायक का महती योगदान हैं। ऐसे में विधायक गजेन्द्र यादव की सहमति ही विचार किया जाएगा।

### कई दिग्गज पार्षद सभापति बनने कतार पर

जानकारी अनुसार भाजपा के पार्षदों जो चार बार जीतकर आए प्रत्याशी में चंद्रशेखर चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर और कांशीराम कोसरे हैं। अगर अनुभव के आधार पर चयन होता है तो इन तीन नाम पर मुहर लग सकती हैं। बहरहाल मेयर कुर्मी वर्ग से जीतकर आई हैं। इसलिए दो नाम से ज्यादा कांशीराम कोसरे पर विचार किया जा सकता हैं। इसके आलावा तीन बार के पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार भी हैं। इसके आलावा मनीष साहू, कमल देवांगन, लीना दिनेश देवांगन, शिव नायक, लीलाधर पाल व डां देवनारायण तांडी भी हैं जो दो बार के पार्षद रहे हैं।

# किसानों के खाते में सम्मान योजना की 19वां किस्त जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में 24 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 19वां किस्त के तहत देशभर के 9.8 करोड़ किसानों को कुल 22 हजार करोड़ रूपये सीधे किसानों के खातों में स्थानांतरित किये गये।

■ कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा में किया गया कार्यक्रम का

उक्त राशि हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर पीएम वेबकास्ट का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि दुर्ग श्रीमती पुष्पा राजेन्द्रन व ग्राम कुरूदडीह के प्रगतिशील कृषक एवं जनप्रतिनिधि श्री देवानंद वर्मा, उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन, कृषि विभाग के अधिकारी तथा जिले के 89 कृषक बंधु व महिलाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कृषक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें कृषकों के लिए नवीन कृषि तकनीकी का प्रदर्शन किया गया। कृषकों को सशक्त बनाने की कड़ी में केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कृषि हेतु क्रियान्वित योजनाओं की रूपरेखा बताई गई।

### तकनीकियों को बढ़ावा देने पर कार्य

प्रधानमंत्री द्वारा अपने सम्बोधन में देश के कृषकों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए विशेष जोर दिया गया एवं कृषि औद्योगिक तकनीकियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने कहा गया। जिससे विकसित भारत के संकल्प को मजबूती मिले। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. आरती टिकरिहा, सृष्टि तिवारी तथा सुश्री हर्षना चंद्राकर एवं कृषि विभाग से मुकेश, रौशन शर्मा, सोनल शर्मा उपस्थित थे।

## वार्डों का सर्वांगीण विकास पार्षदों की प्राथमिकता में हो-कौशिक



**दुर्ग।** कुम्हारी नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा एवं नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों ने जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक से सौजन्य मुलाकात की इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदों से कहा है कि वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा संपन्न हुए नगरीय निकाय भाजपा को चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं

## अनसुईया पतिव्रता धर्म निभाने की सीख देती हैं-आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बघेरा दुर्ग वार्ड क्रमांक 56 सांई नगर में नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में आचार्य स्वामी श्री परमेश्वर महाराज ने कहा कि, रामचरित मानस के तीसरे अध्याय अरण्य कांड में भगवान राम, मां सीता और लक्ष्मण अत्रि मुनि के आश्रम में आते हैं। मां अनसुईया मां सीता को पतिव्रता धर्म निभाने की सीख देती हैं। इस अध्याय में भगवान राम ने अनेक राक्षसों का वध किया और संतों की पीड़ा हरी। इसी अध्याय में शूर्पणखा और मारीच प्रसंग के बाद मां सीता के हरण, जटायु का प्रसंग आता है। इसके बाद रामजी मां शबरी की कुटिया जाते हैं और नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं। वन में मां अनसुईया ने सीता मां को पतिव्रता धर्म निभाने की सीख दी। कहा, सुख-दुख में पति का साथ देना। मां सीता ने अनुसुईया के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। सीताहरण बचाने को जटायु ने रावण से युद्ध भी किया। रावण जब मां सीता का हरण करके आकाश मार्ग से लंका ले जा रहा था तो जटायु ने रोकने के लिए रावण से युद्ध किया। जटायु का सौभाग्य देखिए, राम की गोद में प्राण त्यागे थे। प्रेम भगवान राम ने प्रेम में शबरी के जूठे बेर भी खाए। तुलसीदास जी ने लिखा- भगवान प्रेम के वशीभूत हैं। इसी प्रेम में शबरी के जूठे बेर भी खाए। इसके बाद मां शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश भी दिया। शबरी ने राम को पा लिया। अरण्यकांड में भगवान राम शबरी की कथा भी बताई गई।



## वैशाली नगर में बोरिंग और पाइप लाइन का जल्द होगा विस्तार जल्द

**भिलाई।** ग्रीष्म ऋतु से पूर्व वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को व्यवस्थित विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने लगभग एक करोड़ के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस स्वीकृति से वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर 24 लाख रूपये बोरिंग के लिए, बैकुंठधाम क्षेत्र में किए गए बोर से समीपस्थ क्षेत्र में जीआई पाईप लाईन विस्तार के लिए 68 लाख 30 हजार एवं 7 लाख रूपये से आरडब्ल्यूएच कार्य जल्द प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी से पूर्व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा दी गई 1 करोड़ रूपये की स्वीकृति से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को और भी व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। साथ ही बैकुंठ धाम में कराए गए बोर में पर्याप्त मात्रा में पानी मिला है इसलिए इस बोर से आस पास के क्षेत्र में पाईप लाईन बिछा कर जल आपूर्ति भी की जाएगी। जिन क्षेत्रों में गर्मी में पेयजल समस्या होती है वहां 24 लाख की लागत से और बोर कराए जाएंगे।



■ विधायक सेन की पहल से 1 करोड़ की स्वीकृति

## आयुक्त ने दी अंतिम चेतावनी

# वर्क आर्डर मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, जो काम करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। आयुक्त के निर्देश पर निगम के अधिकारी अंतिम नोटिस जारी कर दी है। चेतावनी के दायरे में आने वाले निर्माण एजेंसी की संख्या लगभग 12 है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि शासन के अलग-अलग मद से वार्डो में नाली निर्माण, सी.सी. रोड और मंच निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया में वरीयता के आधार पर कार्य आरंभ करने कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य आदेश भी जारी हो चुका है। इसके बाद भी निर्माण एजेंसी कार्य आरंभ करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। उन्होंने बताया कि अंतिम नोटिस के बाद भी कार्य आरंभ न करने पर कार्य रद्द कर ब्लेक लिस्ट करने के लिए पंजीकृत विभाग को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए है।

**पहले किया था आगाह:** जनवरी में आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की थी। तब अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि प्रभारी इंजीनियर कार्य आदेश की सूची रखे। कार्य आदेश के बाद फरवरी अंतिम सप्ताह तक कार्य हर हाल में पूर्ण करवाएं। स्वच्छता और निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट लेने आयुक्त लगातार मॉर्निंग विजिट कर रही है। आयुक्त ने निर्माण कार्य स्थल पहुंची तो हुआ खुलासा।

## शहर सुंदर बनाने में निगम कमिश्नर ने व्यापारियों की ली बैठक

# स्वच्छता के लिए आयुक्त ने व्यापारियों से मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर को सुंदर बनाने में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने व्यापारियों से सहयोग मांगा है। नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए चेंबर ऑफ कामर्स के साथ नगर एवं व्यापार हित में सभी प्रतिष्ठित व्यापारियों को बुलाकर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम के डाटा सेंटर में बैठक की। बाजारों के विकास हेतु उनसे सुझाव लिए गए। बाजारों से निकलने वाले सूखे गीले कचरे का निष्पादन करने, बाजारों को कैसे जीरो वेस्ट डिस्चार्ज मार्केट बनाया जाये पर जोर दिया गया। इसके अलावा व्यापारियों, दुकानदारों को खुले में कचरा फेंकने से रोकने संबंध चर्चा करते हुए एकत्रित रखने की बात कही। राजस्व से संबंधित बकाया कर समय पर अदा करने अपील की गई। व्यापारियों की सुविधा अनुसार सहयोग राजस्व वसूली भी लिया जाएगा। क्रेडा विभाग द्वारा संचालित योजना के संबंध में चर्चा किया गया। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने इंदिरा मार्केट पार्किंग व्यवस्था को सुधारने पर सुझाव दिए। इदिरा मार्केट स्थित कुआँ चौक के करीब मूत्रालय को बेहतर व्यवस्थित करने की बात कही।

■ व्यापारियों ने सुझाव देकर जताई अपनी सहमति



### मांगें गए सुझाव

सुझाव लेने के अलावा क्षेत्र को सुंदर बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने संबंधी व्यापारियों से बैठक की गई। बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स के साथ नगर एवं व्यापारियों ने स्वच्छ शहर सुंदर शहर बनाने के लिए जरूरी सहयोग देने की सहमति दी। इसके अलावा दुकानों में डस्टबिन लगाने के लिए सहयोग की पेशकश की गई। इस अवसर पर बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता करण यादव, सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोइर, ईश्वर वर्मा, चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष प्रकाश सांखला, पवन बड़जत्या, दिलीप मरोटी, बहादुर अली, अशोक राठी, प्रह्लाद रूंगटा, जितेंद्र सोनकर सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहें।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 28 फरवरी को

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में 28 फरवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक टीओटी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कोहका भिलाई द्वारा स्नातक प्रशिक्षण इंजीनियर 15, टेलीकालर 7, एमआईएस कार्यकारी 02, बिक्री प्रतिनिधित्व (फिल्ड भिलाई) 20 और क्रय कार्यकारी 05 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार गार्गी रिटेल सर्कुलर मार्केट केम्प 02 भिलाई द्वारा बिक्री कार्यकारी (काउण्टर बिक्री) 15, बिक्री कार्यकारी (फील्ड भिलाई) 20, एमआईएस कार्यकारी 02, डिजिटल मार्केटिंग कार्यकारी 05 और टेलीकालर 07 पदों पर भर्ती की जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर मांस बिक्री करते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर 26 फरवरी को मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

■ आयुक्त ने जारी किए आदेश

नगर निगम ने 26 फरवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर निगम के सभी स्वच्छता निरीक्षक मांस.मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। शहर क्षेत्र के शिवनदी एवं शिवालयों, मंदिरों में बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर आएंगे। ऐसे में उनके मार्ग पर मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### अरसनारा में मानस गान प्रतियोगिता आज से

**ननकट्ठी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम अरसनारा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 फरवरी को बाल त्रिमूर्ति मानस मंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां प्रतिभागी होंगे। प्रतियोगिता में विजेता मंडली को पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी मंडली के अध्यक्ष पुरूषोत्तम यदु ने दी है।

### खपरी कला में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी कला में महाशिवरात्रि पर्व पर 26 फरवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता जुनियर वजन 38 से 40 किलोग्राम समय शाम 4 बजे से रखा गया है। सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

### महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन कल

**अंडा।** ग्राम भरदा (कोनारी) में प्रसिद्ध मेला का आयोजन महाशिवरात्रि मेला समिति के द्वारा किया जा रहा है। भरदा, चंगोरी, अछोटी, आलबरस, रुदा, खाड़ा के सज्जनवृंद शामिल होकर रूपरेखा बनाए थे। उस समय से अनवरत रूप से मेले का आयोजन होते आ रहा है । इसी क्रम में 25 फरवरी को सत्यनारायण व्रत कथा हवन, पूजन व भगवान शिवनाथेश्वर का त्रिवेणी संगम शिवनाथ, तांदुला, खरखरा के जल से जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं 26 फरवरी को मेले व मड़ई का आयोजन होगा। महाशिवरात्रि मेले के आयोजन में विशेष आरती में शामिल होने के लिए अतिथि में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों में आशा विक्की मिश्रा व प्रिया साहू नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों में बेला यादव, किशोरी देशमुख, लीलावती रूपेश देशमुख आदि उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### कोकिला प्रसाद



**भिलाई।** बीएसपी की सेवानिवृत्त व्याख्याता कोकिला प्रसाद का आकस्मिक निधन 24 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान 43/9 नेहरू नगर (पूर्व) से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. सत्यानंद प्रसाद की पत्नी एवं कपिल प्रसाद की मां थीं।

### डी रमेश कुमार



**भिलाई।** क्वार्टर 14/ए सड़क 10 सेक्टर 7 निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी डी रमेश कुमार (65 वर्ष) का निधन रविवार को सेक्टर 9 अस्पताल में हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे सेक्टर 7 निवास से निकली। वे पत्नी इंद्रकला और पुत्र आर रोशन मुदलियार तथा पुत्री आर ईशा का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक- RCA 191/2024
प्रो. क्र.- 686/2025, पेशी दिनांक- 21.03.2025
न्यायालय- पंचम अपर जिला न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक/ अपी. - श्रीमती सोनबाई पुरेना व अन्य दो
अनावेदक/उत्तरवादी - आम जनता व अन्य 4
बनाम- आम जनता व अन्य 4

क्योकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध श्रीमती सोनबाई पुरेना व अन्य 2 विरुद्ध आम जनता व अन्य 4 (अपील) का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 21 माह 03 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान पश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

जज
(दीपक कुमार कोशले)
पंचम जिला न्यायाधीश दुर्ग,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

## मां परमेश्वरी महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह

# छत्तीसगढ़ के निर्माण व समृद्धि में देवांगन समाज का महत्वपूर्ण योगदान है: विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**देवांगन समाज के कार्यक्रम में उत्कृष्ट बच्चों को किया सम्मानित**



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरोदा टैंक, स्टेशन मरोदा, मौहारी भांठा, नेवई, रिसाली भांटा, नेवई भांठा में देवांगन समाज द्वारा आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर देवांगन समाज की इष्ट देवी मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना के साथ ही समाज के उत्कृष्ट बच्चों को भी सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता है। छत्तीसगढ़ के निर्माण व समृद्धि में देवांगन समाज का महत्वपूर्व योगदान है। इससे पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार समय तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भी समाज के उत्थान के लिए बुनकरों का कर्ज माफ करने के साथ-साथ उनके उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गईं थीं। विष्णुदेव सरकार द्वारा निचले स्तर तक योजनाओं के पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है। शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है साथ ही समाज के विकास के लिए एकता बहुत ज़रूरी है। समाज के बिना मनुष्य के जीवन का महत्व नहीं है समाज वही जिसमें सब समाहित हो जाए। आज समाज के उत्थान के लिए परस्पर एक दूसरे का सहयोग व कुछ पुरानी रूढ़िवादी विचारों व परंपरा को त्याग करने की आवश्यकता है तभी समाज आगे की ओर अग्रेषित हो पाएगा और समाज में एकता व भाईचारा बना रहेगा।

इस अवसर पर रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पुरैना-मरोदा मंडल अध्यक्ष राजु जंघेल, अध्यक्ष देवांगन समाज मनोहर देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमृत देवांगन, क्षेत्र के पार्षद सरिता देवांगन, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, लखन देवांगन, मोतीराम देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, रुपलाल देवांगन, राजेश, तेजा बाई, कुसुम एवं समस्त देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे।

## डिजिटल साक्षरता और खेलों के महत्व पर जागरुकता कार्यक्रम



**अंडा।** राष्ट्रीय सेवा योजना बीआईटी दुर्ग द्वारा ग्राम भानपुरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार को, डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, खेलों के महत्व और सामाजिक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शिविर का संचालन डॉ. अरुण अरोड़ा प्राचार्य बीआईटी दुर्ग तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी और अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। इसके अलावा, डॉ. मुकेश चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने भी इस शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई।

- एनएसएस बीआईटी दुर्ग के विशेष शिविर में दी गई जानकारी

चौथे दिन की प्रमुख गतिविधियों में स्टूल पेंटिंग शामिल रही, जिसे सुंदर रूप देकर ग्रामीणों में वितरित किया गया। इसके साथ ही, विद्यालय परिसर के मंदिर को सजाने और क्यारी निर्माण का कार्य भी किया गया, जिससे परिसर को अधिक स्वच्छ और आकर्षक बनाया जा सके। इसके अलावा, ग्राम सर्वेक्षण के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को डिजिटल साक्षरता के महत्व से परिचित कराया और उन्हें साइबर सुरक्षा व डिजिटल खतरों से सचेत रहने के उपाय भी बताए। खेलों के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इकबाल खान अध्यक्ष, बास्केटबॉल एसोसिएशन दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा 'खेलों का जीवन में महत्व' विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को खेलों की भूमिका, उनके मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में जागरूक किया।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण के मतदान में मतदाताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए सुबह से मतदान शुरू हो गया था। इस चुनाव में ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। विशेष रूप से ग्राम डौकीडीह, खप्परवाड़ा, देवरी ख, ओटेबंद, सिरसिदा, गोरकापार, परसदा, डंगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, तिलखैरी, भिलाई, चीचा गोरकापार, ओड़ारसकरी, मटिया, देवगहन, गब्दी, मोहंदी पाठ, खुरसुल सहित अन्य गांवों में सुबह से ग्रामीण लंबी लाइन में लगकर मतदान किया। सभी जगह शांतिपूर्ण चुनाव डाला गया। सामान्य इलाकों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित किया गया था। मतदान समाप्ति पश्चात देर रात तक मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की गई। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया गया।

- गुण्डरदेही क्षेत्र के आस पास सभी पंचायतों में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

ग्राम पंचायत सिरसिदा 1500 मतदान में 1277 मतदान वोट डाले गए, चैत राम साहू उम्र 65 वर्ष सिरसिदा निवासी जो पैरालीसीस थे उसे विलचयेर से मतदान करने आये। ग्राम पंचायत परसदा डंगनिया 1451 मतदान में 1209 मतदान वोट डाले गये, यहां भी पवन साहू 60 वर्ष ने बैसाखी के सहारे से मतदान करने गये, लगनी बाई देशमुख वार्ड क्रमांक 3 के 80 वर्ष के महिला को विलचयेर से मतदान करने आये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पीयेलो. हिना टंडन, गायत्री साहू, ग्रामीण जन उदय साहू, कमलेश कुमार साहू ने बताये कि हमारे गांव में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण से मतदान किया गया। ग्राम पंचायत देवरी ख में नवनिर्वाचित सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख ने 111 मतदान



वोट से जीते गये। ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा में 702 मतदान में 684 मतदान डाले गये, सुधा दिनेश चन्द्राकर ने 129 मतदान वोट से जीत हासिल की। खप्परवाड़ा के पन्ना चन्द्राकर ने बताया कि पहले डौकीडीह और खप्परवाड़ा एक ही पंचायत था अभी ये दूसरा पंचवर्षीय है हमारे गांव में मतदान किये। पंचायत चुनाव सभी जगह शांतिपूर्ण मतदान डाले गए।

## दुनिया का सबसे बड़ा पाप है अपने आप को कमजोर समझना: पं. महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा गुरुवार बाजार चौक में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। व्यासपीठ आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेय ने शिव महापुराण का श्रवण करा रहे हैं। साथ ही लोगों को प्रेरित कर रही है कि कितने भी बड़े पद पर हो पर भगवान की भक्ति नहीं भूलनी चाहिए।

शिव महापुराण की कथा कहती है कि दुनिया का सबसे बड़ा पाप है अपने आप को कमजोर समझना और कहा कि आप कभी अपने आप को कमजोर ना समझे, चाहे कितनी भी बड़ी बीमारी से आप ग्रषित हो कितने बार भी आप हार जाए, कोई भी विषम परिस्थिति में जो मुस्कुराता है भोलेनाथ उसका साथ देता है। आप जिस दिन खुद को कमजोर समझना शुरू कर देंगे तो आप समझ लेना कि आप पापी हो। अगर आपके घर में धन की कमी है तो कोई बात नहीं, संस्कारों की कमी नहीं होना चाहिए। घर की मानसिक स्थिति ठीक होनी चाहिए सिर्फ



- अंडा में शिवमहापुराण कथा आयोजित

आर्थिक स्थिति ठीक होने से सब कुछ ठीक नहीं होता। मान लीजिये आपने खूब धन दौलत कमा लिया पर आपके बेटा-बेटी गलत रास्ते में चले गए और गलत संगति में लिप्त हो गए। तो क्या करोगे ऐसे धन दौलत का? इसलिए आर्थिक स्थिति के साथ-साथ घर की मानसिक स्थिति भी ठीक होनी चाहिए। कार्तिकेय के द्वारा तारकासुर का वध एवं गणेश जी का रिद्धि सिद्धि के साथ विवाह संपन्न कराया गया। फिर हवन का कार्य एवं महाप्रसादी भंडारा फाग गीत एवं शोभा यात्रा संपन्न हुआ।

## पालक बैठक महाविद्यालय विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है: डॉ. गुरवारा

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में अंग्रेजी, गणित, भूगोल, अर्थशास्त्र विभाग ने पालक बैठक का आयोजन किया गया। पालक बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नंदा गुरुवारा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष शैलेष मिश्र द्वारा प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। रागिनी साहू सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, मनमोहन साहू, परमानंद सिन्हा अतिथि व्याख्याता द्वारा आगंतुक पालको का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ नंदा गुरुवारा ने स्वागत करते हुए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सों व गतिविधियों के संबंध में जानकारी दिए। पाठयेत्तर गतिविधियों में रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेल गतिविधियों के उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका दीपांजली वर्मा, बी अंतिम वर्ष की छात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली परेड में सम्मिलित हुई। रेड रिबन के 10 सदस्यों ने राज्य स्तरीय रेड क्रास शिविर में सहभागिता दिए एवं क्रीडा के क्षेत्र में उपलब्धियां ही उपलब्धियां रही सेक्टर लेवल कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में पाटन महाविद्यालय की टीम ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया साथ ही राज्य स्तर 4 एवं राष्ट्रीय स्तर पर 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ।



## बिजनेस साइट

## आपरेशन से पहले एक बार जरूर मिलें, बिना सर्जरी और दवाई से हड्डी, नस संबंधी समस्याओं का उपचार

**भिलाई।** नसों में अथवा शरीर के विभिन्न हिस्सों सुन्नपन, झुनझुनी का अहसास होना, सूजन रहना, गर्दन, पीठ व कमर में दर्द और जकड़न, उठते बैठते समय चक्कर लगना, उठने-बैठने व चलने में कठिनाई यानी शरीर को संतुलित रखने में परेशानी, नसों का चिपकना, वात रोग (आर्थराईटिस) - गर्दन दर्द (सर्वाइकल स्पांडिलाईसिस), क्रमर दर्द (लंबार स्पांडिलाईसिस), रेडीकुलोपैथी, झुनझुनापन, डिस्क प्राब्लम-साईटिका, फ्रोजन सोल्डर (कंधों में जकड़न व अच्छे तरह नही घूमना) घुटने का ना मुड़ना, दर्द व चलने में कठिनाई होना, एड़ी की हड्डी का बढ़ना-चलने में कठिनाई, लकवा (पेरालिसिस) व सभी जोड़ो में दर्द रहना, शरीर में सूजन, लकवा, लंबे समय से कब्ज-अपच, फैटी लीवर, महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्या आपरेशन के बाद जकड़न व अन्य गंभीर मामलों में मल-मूत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न होना इत्यादि रोग में बीमारी के सही कारणों को समझते हुए होलिस्टिक मेडीसीन उपचार दर्द और सूजन कम करने करने के साथ-साथ उसे पूरी तरह ठीक होने में मदद करते हैं। उपचार प्रक्रिया जैसे एक्यूपंक्चर, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, कपिंग थेरेपी, जल चिकित्सा, योग थेरेपी, फिजियोथेरेपी, आयुर्वेदिक पंचकर्म - शिरोधारा चिकित्सा, मसाज थैरेपी, स्टीम बाथ, घरेलू उपचार, एक्यूथेरेपी और गैर-ऑपरेशन तकनीकों से इलाज किया जाता है। आरोग्यवेदा स्पाइन केयर सेंटर नेहरू नगर भिलाई व उतई छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट में लाईसेंस पंजीकृत हैं व आयुष्मान कार्ड लाने पर उपचार पैकेज में 40% तक फीस छूट दी जा रही है। संपूर्ण जानकारी के लिए www.aarogyaveda.com पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं इनके सावधानी बताई गई है जिसमें देर तक गाड़ी चलाने की स्थिति में पीठ को सहारा देने के लिए तकिया लगाएं। कंप्यूटर पर अधिक देर तक काम करने वालों को कम्प्यूटर का मॉनीटर सीधा रखना चाहिए। कुर्सी की बैक पर अपनी पीठ सटा कर रखना चाहिए। थोड़े-थोड़े अंतराल पर उठते रहना चाहिए। उठते-बैठते समय पैरों के बल उठना चाहिए। आजकल देखा जा रहा है कि पेशेंट शुरुआत में उधर उधर जाकर किसी भी दावा करने वाले थेरेपिस्ट के चक्कर में पैसा,समय बर्बाद करने के साथ साथ अपना शरीर को नुकसान पहुंचा चुके होते हैं अतः क्वालीफाईड आयुष चिकित्सक व क्वालीफाईड एलोपैथिक चिकित्सक की सलाह से ही से दर्द निवारक दवा लेवें व ईलाज करावें।

## अंचल की खबरें

### सेलूद में सबसे कम उम्र के सरपंच बने खिलेश



**सेलूद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपना सरकार चुना। लोग सरपंच चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। पाटन विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ग्रामों में से एक सेलूद पंचायत के लिए गुरुवार को मत डाला गया। क्योंकि सेलूद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष लगाव है इसलिए हमेशा से ही सबकी नजर सेलूद पंचायत चुनाव में टिकी हुई थी। ग्राम पंचायत सेलूद में कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय खिलेश बबलू मारकंडे ने जीत का परचम लहराया है। सेलूद के राजनीति में इतिहास बनाते हुए 1032 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया। खिलेश मारकंडे ने 2015 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण किया। छात्र जीवन से ही प्रतिनिधित्व करने की योग्यता रही है। वे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेलूद में शाला नायक के दायित्व को सफलता पूर्वक निभाते हुए छात्र राजनीति जीवन की सफलतापूर्वक शुरुआत किया। दो वर्षों तक समयदानी कार्यकर्ता के रूप में सामरी विधानसभा बलरामपुर जिला क्षेत्र में रहकर कार्य किया है। 2019 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सेलूद, पतोरा, चुनकट्टा क्षेत्र से ही पाटन जनपद सदस्य के रूप में लगभग 1000 से अधिक मतों से जनपद सदस्य चुने गये थे। आरक्षण की स्थिति बदलने पर सेलूद सरपंच पद का चुनाव लड़ा, वे साधारण परिवार के सदस्य है। सेलूद जैसे बड़े व जागरुक गांव में सरपंच के पद को ऐतिहासिक 1032 मतों से जीतकर सेलुद में इतिहास बना दिया है। ग्राम सेलुद के आठ बुथो में 81% मतदान हुआ जिसमें कुल 3354 वोट पड़े । जिसमें खिलेश मारकंडे को 2048 उनके निकटतम प्रतिद्वंदी लवण बंजारे को कुल 1016 मत मिले जीत अंतर 1032 वोट से पराजित किया। कुल सरपंच पद के लिए सेलुद में कुल तीन प्रत्यासी चुनावी मैदान में थे। योगेश्वरी तीसरे पायदान में रही। लगातार चुनाव जीतने व 1032 मतों के भारी अंतर से जीतने के साथ गाँव की प्रमुख मुद्दों पर आवाज उठाने के कारण खिलेश मारकंडे की जीत की चर्चा सेलूद ही नही बल्कि पूरे जिले में हैं। अपनी जीत पर खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि यह मेंरी जीत नहीं है यह सभी सेलूद वासियों की जीत है, सभी का अभुतपूर्व सहयोग इस लड़ाई में रहा है। सभी ग्राम वासियों के सहयोग से ही सेलुद ग्राम को विकास के उच्चे पायदान में ले जाने का पुरा पुरा प्रयास किया जायेगा । गाँव के सभी समस्याओं को प्रमुखता के साथ हल करने भरसक प्रयास रहेगा।

- जनपद सदस्य के कार्यकाल पूरा होने के बाद अब सेलूद के सरपंच चुने गये

### बोरई में ओमेश्वर ने 735 मतों से जीत हासिल की




**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई के सरपंच ओमेश्वर राजू यादव प्रचंड मतों से 735 मत से विजय हुआ और अपने पंचों को लेकर विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जयंती साहू, रवि शंकर साहू, ओंकार साहू, राजकुमारी साहू, भूषण यादव, देव सिंह साहू, सरस्वती साहू, राजकुमार साहू, कांति, ठवेंद्र यादव, नंदकुमार यादव, भूषण ठाकुर, तुलसी ठाकुर,सेवती ढीमर, गीता ठाकुर, पंच रवि सिन्हा, देवकी घंघोरी, इंद्राणी यादव, ललिता पाटील, विष्णु जोशी, शत्रुह्न साहू, कुबेर यादव, संतोष साहू, दीपक यादव एवं ग्रामवासियों के जन समर्थन से विजय प्राप्त हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच ओमेश्वर ने समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया है।

### ग्राम पंचायत चुनकट्टा में रोशनी बनी सरपंच



**सेलूद।** पाटन विधानसभा के ग्राम पंचायत चुनकट्टा के ग्रामीण मतदाताओं ने भारी मतों से रोशनी सोनू राय को अपना सरपंच बनाया है। सामाजिक व महिलाओं के उत्थान में सतत रूप से कार्य करने का लाभ रोशनी सोनू रॉय को मिला। ग्राम पंचायत चुनकट्टा में पति अजय सिंह राजपूत व पत्नी आशासिंह राजपूत व उनके चचेरे भाई छत्रपाल सिंह राजपूत तीनों इस चुनाव में पंच प्रत्याशी में जीत हासिल की है। वहीं सरपंच बनने पर रोशनी राय व ग्रामीणों ने रैली निकालकर मतदाताओ का आभार व्यक्त किया।

### महाशिवरात्रि पर नाच पार्टी की होगी प्रस्तुति



**अंडा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेला का कार्यक्रम तादुंला नदी घाट आमटी में 26 फरवरी को भव्य मेला रखा गया है, जिसमें रात्रि कालीन 10 बजे कार्यक्रम झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम मोखा पचपेड़ी जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी चितरंजन साहू ने दी है। इसी तरह आलबरस में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर रात्रिकालीन 10 बजे श्रद्धेय खुमान साव कृत चंदैनी गोंदा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम ठेकवा राजनंदगांव वालों कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी चिमन देशमुख ने दी।


HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# किसान को दस लाख रुपये उधारी देकर तैयार किया फर्जी इकरारनामा

## किसान ने की पुलिस से लिखित शिकायत, जमीन पर कब्जा करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किसान से उधारी देकर कोरे कागज में हस्ताक्षर कराकर फर्जी इकरारनामा तैयार करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत वार्ड 15 ग्राम करहीडीह निवासी ईश्वर निषाद ने पुलिस में किया है। किसान ईश्वर निषाद के मुताबिक परिवार में भाई बहनों में दिलेश्वर निषाद, कलिन्द्री निषाद,कलिन्द्री निषाद,दिलेश्वरी निषाद है। संयुक्त नाम से हमारी जमीन कृषि भूमि भी प.ह.नं. 15/ 40. रा.नि.मं. सिकोला दुर्ग खसरा नंबर 144/6 रकबा 0.0370 हेक्टेयर है। वर्ष 2021 के शुरुआत में 10 लाख रूपये की जरुरत पुत्र और भांजे के शादी के लिए थी। मित्र जसवंत साहू ने अशोक सिंह व राजेश सिंह बिहारी से मुलाकात कराया। जिसका देव भूमि के नाम से सिकोला में अपना कार्यालय संचालन करते है। पीड़ित से अशोक सिंह ने जमीन को लेकर पूछताछ किया था। उसे संयुक्त परिचार के नाम से जमीन होने की जानकारी दी थी। उसने ऋण पुस्तिका दिखाने पर विश्वास होने की बात कही थी।जमीन के सभी दस्तावेज दिखाने पर 10 लाख रुपए विभिन्न किस्तों में उधार दिया। इसके बाद जमीन के दस्तावेजों की सारी फोटो कापी उसने कराया। रकम लौटाने को लेकर देव भूमि का पार्टनर अशोक सिंह ने किसान से पूछा तो उसने जवाब देते हुए कहा था कि परिवार के लोग 41 से 50 लाख रूपये में बेचकर उधार लिए रकम को लौटा देगें। इस दौरान अशोक सिंह ने पीड़ित से कहा था कि उक्त जमीन की फसल बेचकर उसका ब्याज समझ कर अपने पास रखने की बात कही थी। देव भूमि का पार्टनर अशोक सिंह परिवार की जमीन पर उगने वाली फसल को 2021 से बेचकर ब्याज की रकम वसूल करता रहा है। परिजनों द्वारा उक्त भूमि को मनोज राजपूत को 15 जुलाई 2024 को रजिस्ट्री 41 लाख 26 हजार में बेचकर रजिस्ट्री बायनामा करवा दिया है। इसकी जानकारी अशोक सिंह और राजेश सिंह को होने पर दोनों ने कचहरी दुर्ग से जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर रास्ते भर गाली-गलौच कर अंजाम भुगतने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते जेवरा सिरसा पुलिस चौकी लेकर गए।

**खास बातें**

- जेवरा सिरसा पुलिस कर रही है जांच
- सिकोला दुर्ग खसरा नंबर 144/6 रकबा 0 .0370 हेक्टेयर है
- किसान ने लगाया कई गंभीर आरोप

### कोरे स्टाम्प पर कराया गया हस्ताक्षर

आरोप है कि अशोक सिंह द्वारा किसान को चेक दिया था जो बाउंस हो गया था। जिसे लेकर किसान ईश्वर निषाद करहीडीह की भूमि को 40 से 50 लाख रूपये में ग्राहकों को बेचेगें। जमीन बिकने के बाद रकम लौटाने की बात किसान ने उसेस कहा था। इस दौरान अशोक सिंह ने अपनी सहमती दी थी।इसके बाद देव भूमि के अशोक सिंह और राजेश सिंह बिहारी किसान ईश्वर निषाद को दीपक नगर घर में बुलाया गया। अशोक सिंह ने कोरे स्टाम्प पेपर पर किसान और जसवंत साहू का हस्ताक्षर लिया। अशोक सिंह किसान को झांसा दिया कि उधारी रकम नहीं लौटाने पर यह स्टाम्प गारंटी के एवज में रहेगा। किसान का आरोप है कि राजेश सिंह बिहारी सिकोला दुर्ग क्षेत्र का अपराधी है। उसका पार्टनर अशोक सिंह दोनों देवभूमि नाम से सिकोला पटवारी हल्का क्षेत्र में जमीन खरीदी बिक्री का काम करते है।

### षडयंत्र से किया इकरारनामा

किसान के मुताबिक देवभूमि संचालक राजेश सिंह, अशोक सिंह के द्वारा परिवार के सदस्यों के नाम की भूमि पर हमारी जानकारी के बिना कास्ट बाउंड्रीवाल कराया है। जमीन पर कब्जा करने की जानकारी होने पर 14 जुलाई 2024 को मोहन नगर और जेवरा पुलिस चौकी में शिकायत किसान ने किया था। जिस पर पुलिस ने दोनों को पूछताछ करने थाने बुलाया गया। इस डर से जमीन से बाउंडीवाल को हटवा दिए थे। किसान ने बताया कि परिवार के बिना सहमती के अशोक सिंह ने कोरे स्टाम्प पेपर हस्ताक्षर लेकर षडयंत्र पूर्वक इकरारनामा का निष्पादन किया है। भूमि को 23 लाख रुपए में खरीदी-बिकी का लेख किया है। परिवार की भूमि की कीमत शुरु से ही 41 से 50 लाख के बीच रही है। इस तरह के हरकत से परेशान किसान ने लगातार अशोक सिंह से अपनी राशि वापस लेने को लेकर लगातार संपर्क करता रहा। लेकिन अशोक जमीन को लेकर अनावश्यक दबाव बनाता रहा है और कम कीमत में परिवार की भूमि को हथियाने रकम वापस नहीं लिया।

### जांच की जा रही है

"जमीन को लेकर लिखित में शिकायत आई है। इसमें रुपए के लेनदेन का मामला है। जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**पुरषोत्तम कुर्रे**, प्रभारी जेवरा सिरसा चौकी

---

**खबर संक्षेप**

### कमरे में छात्रा ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एक छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बम्लेश्वरी कॉलोनी स्थित आनंद विहार फेस वन निवासी लक्ष्मी उर्फ टीना मंडावी अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना बालोद निवासी परिजनों को दी गई है। घटना समोवार की सुबह 9.30 बजे की बताई जा रही है। मृतका बम्लेश्वरी कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई किया करती थी। युवती ने आत्महत्या क्यों किया इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई है। फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मकान में लगी आग बड़ा हादसा टला



**भिलाई।** मकान में अचानक आग लगने से आसपास के लोग बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर दमकल वाहन तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 7 सड़क 37/ ई निवासी वासु मंडावी के मकान में सोमवार को आग लग गई। आग लगने का कारण अज्ञात है। आग लगने से घर के भीतर पड़े तीन सिलेंडर को दमकल कर्मियों ने बाहर निकाल लिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। आगजनी की घटना में घर के सारे सामान जल गए। जिसमें मकान का दरवाजा कुलर समेत कई सामान है। आगजनी में कितने का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। आग बुझाने 1 दमकल पानी की मदद लगी। आग बुझाने कर्मी वाहन चालक महेन्द्र कुमार चंदेल, फायरमैन. अवतार सिंह ,भीषम, भोपेश मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि में महिला संगवारी बाजार आज से

**भिलाई।** महाशिवरात्रि पर 25 और 26 फरवरी को ख्याति स्व-सहायता समूह द्वारा ग्राम रिसाली बाजार चौक में दो दिवसीय महिला संगवारी बाजार का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी को सुबह से भजन कीर्तन, सांस्कृतिक आयोजन, शाम को महाआरती और भोग भंडारा का वितरण होगा। स्व सहायता समूह की लता शिर्के ने यह जानकारी देते हुए लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

---

## आज ट्रिब्यूनल लेबर कोर्ट में सुनवाई, संयुक्त यूनियन को राहत की उम्मीद

# बीएसपी में अव्यवस्था ठीक करने के बाद लागू करें बायोमेट्रिक प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में 1 जुलाई से बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू किया गया है। बीएसपी की संयुक्त यूनियन ने उप मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय रायपुर के सामने बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली के विरुद्ध परिवाद दायर कर दलील दी थी कि बिना यूनियन से चर्चा किये इसे लागू किया गया है।

बिना तैयारी के अचानक इसे लागू करना ठीक नहीं है । डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर के समक्ष कॉउंसिलेशन बैठक की सुनवाई में संयुक्त यूनियन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि संयंत्र के भीतर एवं बाहर की सड़क सुरक्षा, संयंत्र में प्रवेश करते समय गेटों की संख्या, संयंत्र के भीतर टॉयलेट, कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था को ठीक करने के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा बायोमैट्रिक अटेंडेंस के लिए जारी आदेश में स्थाई आदेश की धारा 7 ई का उल्लंघन किया गया है।

सेल की एक अन्य यूनिट इस्को बर्नपुर में स्थाई आदेश का पालन करते हुए 15 मिनट तक देरी से आने तक मान्य किया है । जबकि बीएसपी में मात्र 5 मिनट की रियायत दी है। बर्नपुर के आदेश की प्रति भी डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत की गई।बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपना पक्ष रखते हुए डीओपीटी का एक आदेश का हवाला दिया एवं इसे लागू करना अपनी मजबूरी बताया।

### बीएसपी में आदेश की धारा 7 ई का उल्लंघन

**खास बातें**

- संयुक्त यूनियन ने दायर किया है परिवाद
- इस्को बर्नपुर में 15 मिनट तक देरी है मान्य
- सुधारें टायलेट, कैंटीन





### कैंसिलेशन बैठक में नहीं बनी सहमति

कैंसिलेशन बैठक में सहमति न बन पाने के कारण फैलियर आफ कॉउंसिलेशन अक्टूबर माह 2024 में हुआ।अब इस मामले को सेंट्रल गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल कम लेबर कोर्ट (सीजीआईटी) जबलपुर भेजा गया है जहां आगे सुनवाई होगी। न्यायालय ने आदेश जारी कर 25 फरवरी को सुबह 10:30 बजे दोनों पक्षों को स्टेटमेंट आफ क्लेम फाइल करने को कहा है । यूनियनों द्वारा न्यायालय में कर्मचारियों की ओर से पक्ष रखा जाएगा।

### हर स्तर पर विरोधः मिश्रा

एएमएस के महासचिव एचएस मिश्रा ने जारी बयान में कहा कि वर्तमान स्थिति में लाइन मैनेजमेंट ने एच आर प्रबंधन द्वारा जारी आदेश की हवा निकाल दी है। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी कर्मठ एवं संयंत्र में उत्पादन के लिए समर्पित होकर कार्य करते हैं बायोमेट्रिक लागू होने के पश्चात कर्मचारियों को कार्य करने में कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन जिस प्रकार एचआर प्रबंधन ने आदेश निकालकर स्थाई आदेश का उल्लंघन किया है, यूनियन हर स्तर पर विरोध करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# 14 लाख की सड़क से उठ रहा धूल का गुबार



### बाद में पहुंचे अधिकारी

वार्ड भ्रमण के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा सीधे मैत्रीकुंज शंकर होटल के निकट पहुंची। वहां नागरिकों से चर्चा की और उपअभियंता को मौके पर बुलवाया। मौके पर पहुंचे उपअभियंता ने फटकार के बाद ठेकेदार को तलब किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीकुंज वार्ड 22 में 2 माह पहले बने सीसी रोड से धूल का गुबार उठने लगा है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा मौके पर पहुंची। उन्होंने मौके पर ही वार्ड के प्रभारी इंजीनियर को न केवल फटकार लगाई बल्कि निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता को ठीक करने निर्देश दिए। दो माह पहले बने इस सड़क के लिए शासन ने 14.23 लाख स्वीकृति किया है। वार्ड पार्षद रमा साहू समेत आस पास के नागरिकों की शिकायत है कि सड़क पर दुपहिया वाहन चलाने से धूल का गुबार उठता है। मुख्य मार्ग होने की वजह से पूरे दिन रेत के कण से भरा धूल स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्थल निरीक्षण कर वार्ड के प्रभारी इंजीनियर, प्रभारी सहायक अभियंता को फटकार लगाते निर्देश दिए कि तत्काल गुणवत्ता सुधार किया जाए।

- आयुक्त ने मौके पर अभियंता को फटकारा

### कार्यपालन अभियंता ने दिए जांच के आदेश

आयुक्त मोनिका वर्मा के स्थल निरीक्षण करने खबर सुन कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क की कोर कटिंग जांच के निर्देश दिए वहीं अधिनस्थ इंजीनियर को निर्माण एजेंसी प्रबल प्रताप परिहार को नोटिस जारी कर कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए। इस मामले में प्रभारी इंजीनियर जयंत शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने और सड़क से धूल उड़ने पर एजेंसी प्रबल प्रताप परिहार को पहले ही नोटिस दिया जा चुका है। नोटिस के बाद निर्माण एजेंसी अधिकारियों से नजर चुराने लगा था। इसके बाद अधिकारियों को आयुक्त से सामना करना पड़ा।

---

## जेएलएन अस्पताल परिसर में अनाधिकृत आर्टवर्क पर रोक

**भिलाई।** सार्वजनिक संपत्ति नियमों को कायम रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा अधिकारी द्वारा एक बेदखली नोटिस जारी किया गया है।नोटिस में जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र परिसर, सेक्टर-9 में अनाधिकृत रूप से परिसर उपयोग करने वालों (अवैध कब्जाधारियों) को परिसर खाली करने और सभी अनाधिकृत गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया गया है।यह नोटिस सार्वजनिक संपत्ति (अवैध कब्जाधारकों का निष्कासन) अधिनियम, 1971 की धारा 5-बी के उप-धारा (2) के तहत जारी किया गया है, जिसमें सेक्टर-9 स्थित जेएलएन अस्पताल परिसर के हनुमान मंदिर क्षेत्र के पास हो रही अवैध गतिविधियों का उल्लेख किया गया है।

- बेदखली नोटिस जारी, बिना स्वीकृति पेंटिंग

यह नोटिस उन व्यक्तियों के खिलाफ जारी किया गया है, जो किसी सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त किए बिना, अस्पताल भवन की दीवारों पर कला कृतियाँ (पेंटिंग) बना रहे थे। यह गतिविधि सार्वजनिक संपत्ति के उपयोग से संबंधित नियमों का उल्लंघन मानी गई है। संपदा अधिकारी ने इस प्रकरण पर जारी आदेश में यह स्पष्ट किया है कि परिसर में सभी अवैध गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से बंद हो जानी चाहिए। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस आदेश के विरुद्ध कोई भी अपील, निर्धारित समयावधि के भीतर की जा सकती है।

### व्यवस्था बनाने कार्रवाई

जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केंद्र द्वारा प्रतिबंधित एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है। इसके परिसर में व्यवस्था बनाए रखने और स्थान की सुरक्षा व पर्याप्त उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियमों के तहत संचालित किया जाता है। यह कार्रवाई बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की जा रही कोशिशों का हिस्सा है।

---

# दिनदहाड़े बैटरी दुकान के गल्ले से 1.50 लाख रुपए पार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बैटरी दुकान में दिनदहाडे चोरी की घटना हुई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक नंदिनी रोड छावनी चौक के पास एनजे बैटरी नामक दुकान है। सोमवार 24 फरवरी को यहां दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर मौके से फरार हो गए। दुकान के भीतर जहां संचालक बैठता है उसी टेबल में एक ड्रॉज को गल्ला में लॉक लगवाकर रखा गया है। संचालक दुकान का शटर आधा गिराया और भीतर का दरवाजा लॉक करके घर खाना खाने निकला था। तभी अज्ञात ने दरवाजा का लॉक तोड़कर गल्ले में पड़े करीब 1.50 लाख रुपए लेकर फरार हो गया है। घटना की सूचना जामुल पुलिस को मिलने पर आरोपी को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरा चेक कर रही है। उक्त रकम को संचालक किसी को देने के लिए गल्ले में रखा था। खाना खाकर वापस लौटा तो संचालक गल्ले का रकम गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई।

- जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना
- जामुल थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात बढ़ी



### निर्माणाधीन मकान से केबल पार

22 और 23 फरवरी की देर रात भी जामुल थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात कर फरार हो गए। ढांचा भवन शारदा सरोवर तालाब के बगल से स्थित अक्षरधाम कोलोनी में एक निर्माणाधीन मकान में घुसकर केबल वायर को काटकर चोरी कर फरार हो गए। जामुल में हो रही चोरी की वारदात को लेकर पुलिस सजग नहीं दिखाई दे रही है। चोरो का हौसला जामुल क्षेत्र में बढ़ने लगा है।

---

## रेलवे कर्मी की मौत हत्या या आत्महत्या?

**भिलाई।** रेलवे कर्मी की लाश उसके मकान में फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम पदुम नगर भिलाई तीन निवासी एन श्याम 56 वर्ष है। मृतक की बहन सलोनी का आरोप है कि भाई श्याम की हत्या उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर की है। उसके बाद शव को फांसी पर लटका गया गया है। सलोनी के मुताबिक भाई और उसके बेटे का अक्सर घर में विवाद हुआ करता था। आरोप है कि शव को मां-बेटे ने मिलकर फंदे पर टांग दिया। जिससे आत्महत्या प्रतीत हो। सीएसपी छावनी हरीश पाटिल का कहना है कि शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस को मृतक की की पत्नी ने बताया कि बुधवार रात में पति को ऊपर के कमरे में खाना देने गई थी। दरवाजा खटखटाया तो अंदर से नहीं खुला। पत्नी ने सोचा की श्याम नाराज है। इसलिए दरवाजा नहीं खोल रहा है। इसके बाद वो नीचे आ गई। गुरुवार सुबह उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी। घटना को लेकर भिलाई तीन पुलिस जांच में जुटी हुई है। मृतक के बहन ने अपने भाई की पत्नी और उसके बेटे पर कई गंभीर आरोप भी लगाया था। फिलहाल पुलिस इसे लेकर जांच में जुटी हुई है।

- पीएम रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाया

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

---

## कार्य करते हुए स्वास्थ्य का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में नई चेतना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक पी दास थे। जीएम एसके सोनी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी शुभश्री प्रशांत, सहायक महाप्रबंधक मालिनी परगनिहा, उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया तथा विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं प्रबंधक फिलोमिना इक्का भी उपस्थित थीं। श्री दास ने अच्छे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर जानकारी देते हुए सभी कर्मियों को घर से कार्यस्थल तथा कार्यस्थल से वापस घर पहुंचने तक सुरक्षित कार्य प्रवृत्ति अपनाने हेतु प्रेरित किया। सोनी ने महिला ठेका श्रमिकों को अपने कार्यस्थल के आसपास सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुये कार्य करने एवं कार्य के साथ स्वयं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

- रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में 'नई चेतना' कार्यक्रम

### ठेका मजदूरों को किया जागरुक

सुश्री चौरसिया ने ठेका श्रमिक महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी प्रदान की। कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय ने महिला श्रमिकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतन, बोनस, पीएफ, ईएसआईसी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाये जा रहे छात्रवृति योजना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न 9 बिन्दुओं पर जानकारी प्रदान की।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02


वाडबलिजा जातिय संघम भिलाई की बैठक में हुई चर्चा

## लाइव इवेंट

## विदाई समारोह में रिटायर कर्मी हुए भावुक, मिला सम्मान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह जनवरी-2025 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं और हम इनसे सतत संपर्क में रहेंगे। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। इन रिटायर होने वाले कर्मियों में प्रवीण कुमार, जी.रामामणि, सत्येंद्र कौशिक, महेश राव साखरे, आनंद सिंग़रोल, अनुपम जैन, बाबूलाल वासनिक, विजय कुमार पांडेय, देवदत्त, प्रदीप कुमार, मोहम्मद खान, शंकर सिंह नेताम, अरुण कुमार, सुजीत धर, मुकेश शर्मा, जयचंद, उमा पांडे, जे. जॉन सैमुअल, चिन्मय खान, एन.रामबाबू, गोविंद राम और रविशंकर सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर इंदरजीत कौर, अमिताभ वर्मा, हरिराम यादव, जेके गहिने, विनोद कुमार वासनिक, नीरजा शर्मा आदि मौजूद थे।

- इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में रिटायर कर्मियों को दी विदाई

## सिटी इवेंट

## बच्चों की तालीम, तरबीयत और परवरिश हो मुहम्मद की तरहः खुर्शीद



**भिलाई।** मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप-2 मरकजी मस्जिद का सालाना जलसा हाल ही में मनाया गया। इस दौरान पवित्र कुरआन कंठस्थ कर हाफिज बनने वाले तालिबे इल्म की दस्तारबंदी की गई और उन्हें इनाम दिए गए। वहीं अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी में नाते रिसालत, हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दरूद व सलाम, दीनी मामले और अदब तहज़ीब के तरीके पेश किए गए। जलसे में मौजूद लोगों के बीच मेहमाने खुसूसी मौलाना खुर्शीद आलम सदर छत्तीसगढ़ जमीयते उलेमा हिंद मोहतमिम मदरसा जामिया अबू बकर अंबिकापुर ने अपने बच्चों की तालीम, तरबीयत ओर परवरिश को हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की पाकीजा जिंदगी के मुताबिक करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सच्चा मुसलमान बनाए ताकि वो अल्लाह के डर के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हमदर्दी, इंसानियत ओर पाकीजा माहौल बनाने में भागीदारी दे। मरकजी मस्जिद के सदर मोहम्मद असलम व मदरसा के मोहतमिम हाफ़िज़ कासिम ने कहा कि यहां बच्चों की दीनी तालीम, तरबीयत ओर सादगी के साथ दुनियावी तालीम को बेहतर अंदाज में देने पूरी कोशिश की जा रही है। यह पूरा जलसा मौलाना दिलशाद, इमाम व खतीब मदनी मस्जिद फरीद नगर, रिटायर्ड जज शफाउल्लाह मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, रिटायर्ड चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर व इंजीनियर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल जलीलुर रहमान और डॉक्टर इरफान रहीम की मौजूदगी में पूरा हुआ। इस दौरान मदरसा के मुफ्ती सालिम, मौलाना इनामुल हक मौलाना जुनैद,हाजी इमामुद्दीन पटेल, सैय्यद असलम, मोहम्मद अकरम, निजामुद्दीन अंसारी, युसूफ सिद्दीकी, हाफ़िज़ महफूज, मोहम्मद सईद,जमीर अहमद, अजमत अली आदि मौजूद थे।


हाफिज अबू जैद और हाफिज आमिर

- मदरसा जामिया अरबिया में हुआ सालाना जलसा, की गई हाफिजे कुरआन पर चर्चा

### पवित्र कुरआन किया कंठस्थ, इनाम में मिला फ्री उमराह पैकेज

इस दौरान पवित्र कुरआन कंठस्थ कर हाफिज बनने वाले मुहम्मद आमिर वल्द मुहम्मद निजामुद्दीन और हाफ़िज़ अबु ज़ैद वल्द मुहम्मद जावेद की पगड़ी पहनाने की रस्म दस्तारबंदी मौलाना खुर्शीद आलम, मौलाना दिलशाद, मौलाना शकील, शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद सोहेल व अन्य उलेमा के हाथों की गई। हाफ़िज़ अबू ज़ैद ने इस साल पवित्र कुरआन को ऐसा याद किया है, जिसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। मफाअत हज टूरिस्ट ने उन्हें इनाम के तौर पर उमराह का पैकेज फ्री दिया।

## चहके चिड़िया और गौमाता जलकुंड अभियान की हुई शुरुआत

**भिलाई।** पिछले 11 सालों से चलाए जा रहे चहके चिड़िया और गौमाता जलकुंड अभियान की सोमवार को शुरुआत हुई। साइंस महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने इसका शुभारंभ किया। 11 वर्षो से यह अभियान भीषण गर्मी मे जीव दया एवं उनके संवर्धन के लिए पूरी ग्रीष्म ऋतु चलाया जाता है। इसमें सकोरे और जलकुंड की व्यवस्था की जाती है।



● बम्लेश्वरी मंदिर डाक तार कॉलोनी सेक्टर 6 के 50वें स्वर्ण प्रकटोत्सव का चौथा दिन

# माता की आराधना के साथ मनोकामनाओं के लिए हुए हवन पूजन, यजमानों ने डाली आहुतियां, मांगा आशीर्वाद

मां जगदंबा मंदिर ( डोंगरगढ़वासिनी मां बम्लेश्वरी मंदिर) डाक तार कालोनी सेक्टर 6 के स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण प्रकटोत्सव धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। मंदिर में होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भिलाई दुर्ग सहित बाहर से आने वाले श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आयोजन के चौथे दिन सोमवार को पांच कुंडीय हवन सहित विविध कार्यक्रम हुए। रात में हुए मां बम्लेश्वरी के गरबा नृत्य का श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया।



**भिलाई ।** बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 के 50 वें स्वर्ण प्रकटोत्सव के चौथे दिन भी माता के भक्त भक्ति सागर में आस्था की डुबकी लगाते रहे। मंदिर के यज्ञ मंडप में भक्तिमय माहौल में धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत सुबह दस बजे से गौरी गणपति पूजन से हुई । धार्मिक अनुष्ठान श्री शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से कराया जा रहा है। पांच कुंडीय यज्ञ के तीसरे दिन चंडी पाठ के बाद विष्णु सहस्त्रनाम पाठ हुआ। इसके बाद माता की महाआरती हुई।



### मनोरथ पूर्ण करने डाली आहुति

बम्लेश्वरी मंदिर में दोपहर तीन बजे से लोक कल्याण के लिए हवन हुए। मनोकामनाओं के लिए यजमानों द्वारा हवन कुंडों में श्रद्धा भाव से आहुतियां डाली गईं। विद्या, व्यापार में सफलता और लक्ष्मी प्राप्ति के लिए हवन कराया गया। श्री शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा मंत्रों वैदिक मंत्रों के साथ यजमानों से आहुतियां डलवाई गईं। श्रद्धालुओं में महिलाएं और बच्चों के साथ दंपत्ति भी शामिल हुए। हवन पूजन बाद माता की महाआरती हुई। शंघ, घंटों की मंगल ध्वनि से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा । आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में रात आठ बजे से श्रद्धालुओं ने माता का गरबा आराधना की । बम्लेश्वरी मंदिर के सात दिवसीय 50 वें स्वर्ण प्रकटोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को चंडीपाठ, सुख शांत समृद्धि के लिए हवन और सामूहिक हनुमान चालीसा व दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन होगा। रात 8 बजे से सुमन टिकरिया भजन पार्टी द्वारा बारामति झांकी की प्रस्तुति होगी।

**भक्ति कुंड में श्रद्धालु लगाते रहे आस्था की डुबकी**





## मातृभाषा दिवस पर वाद-विवाद, निबंध, कहानी प्रतियोगिता, विजेता हुए सम्मानित

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विविध आयोजन किए गए। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, निबंध, कविता, एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बीएन तिवारी ने की। उन्होंने मातृभाषा के संरक्षण की वर्तमान परिदृश्य में आवश्यकता के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक छोटा बच्चा अपनी मातृभाषा में ही अपनी भावनाओं एवं संवेगों की मुखर अभिव्यक्ति दे पाता है, सही संवाद कर पाता है, अतः शिक्षकीय गुणवत्ता के लिए शिक्षकों को भी मातृभाषा को महत्व देना नितांत आवश्यक है। हमारी नयी शिक्षा नीति ने भी मातृभाषा के संरक्षण हेतु सकारात्मक पहल की है। कविता पाठन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यामिनी साहू एवं द्वितीय स्थान लाकेश्वरी वर्मा ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तेजस्वी निषाद और द्वितीय स्थान ऋषभ देव सोनबेर थे। पोस्टर निर्माण में प्रथम रेवती बघेल और द्वितीय आशीष कुमार मारकण्डेय, वाद-विवाद प्रथम भूपेश वर्मा तथा आयूषी रहे। आयोजन में प्राध्यापकगण डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम, दुर्गा श्रीवास्तव, प्रभा गिरी, नीलम त्रेहान, निकिता, अखिलेश सेन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विद्यावती चंद्राकर तथा संचालन डॉ. मंजू साहू ने किया।

**भारती विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजन**



## दादर में मां कर्मा मंदिर मूर्ति का स्थापना और प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



**भिलाई।** साहू समाज दादर इकाई, परिक्षेत्र उमदा, तहसील भिलाई चरोदा के तत्वावधान में मां कर्मा मंदिर मूर्ति का स्थापना दिवस समारोह आयोजिक किया गया। इस अवसर पर मां कर्मा की पूजा अर्चना कर 108 कलशों की यात्रा निकाली गई। 500 से अधिक सामाजिक पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। ग्राम के पुरोहित प्रकाश शर्मा ने पूजा पाठ, यज्ञ संपन्न कराए। प्रसादी के रूप में खिचड़ी चढ़ाई गई। भोग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साहू समाज के गौरव प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। इसमें विशेष रूप नर्सिंग अधिकारी वाराणसी की थानेश्वर साहू, इंटरनेशनल कराटे खिलाड़ी उरला से हरीश साहू को विशाखापट्नम इंटरनेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल के लिए सम्मानित किया गया। कराते मास्टर धारणी साहू, बबीता साहू, अन्य समाज से संगम वर्मा, पार्षद मनोज, मुंजन पटेल भी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष केशव राम साहू, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, सचिवगोविंद साहू, घनश्याम साहू, सोहन साहू, दीपक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा मनाया गया संकल्प दिवस**

# पीओके के किशनगंगा स्थित शारदा पीठ में आदि शंकराचार्य को हुई थी ज्ञान की प्राप्ति, लद्दाख भी भारत का हिस्सा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ इकाई के प्रांत सहसचिव देशदीपक सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र की भूमिका और महत्व को रेखांकित किया। जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के प्रांत अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनपी दीक्षित ने कहा कि आज का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है कि 22 फरवरी 1994 को पूरी भारतीय संसद ने समवेत स्वर में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर व पाकिस्तान अधिकृत लद्दाख को राजनीतिक रूप से एकीकरण का संकल्प पारित किया था।




### भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामरिक महत्व पर मंथन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वक्ता प्रो अम्बरीष त्रिपाठी ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं सामरिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पाक अधिकृत किशनगंगा नदी के किनारे स्थित पांच हजार वर्ष प्राचीन पवित्र स्थल मां शारदा पीठ है, जहां आदिशंकराचार्य ने ज्ञान प्राप्ति की थी। यह शारदा क्षेत्र न केवल यह अभिनवगुप्त, कुमारजीव, कल्हण की विद्वता से संपूरित रहा। अपितु पुरानी लिपि शारदा लिपि का उद्गम स्थल भी रहा। यहीं बैठकर पाणिनी ने भी व्याकरण शास्त्र लिखा था। गिलगित बाल्टिस्तान भारतीय संस्कृति धर्म विनिमय का एक प्रमुख केंद्र रहा है। सिल्क रुट के माध्यम से कई सभ्यताओं के मध्य अर्थिक संपन्नता का केंद्र गिलगित रहा।

### संसद के संकल्प को दोहराते हुए प्रतिबद्धता को किया याद

मुख्य अतिथि संजय पांडेय ने कहा कि उत्तर में इंदिरा कॉल से लेकर दक्षिण में इंदिरा पॉइंट तक मां भारती का बिम्ब हर भारतीय के मन में सनातन काल से है। कार्यक्रम के अंत में प्रो दीक्षित ने संसद के संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए उपस्थित जनसमूह में संकल्प का पाठ किया। वक्ताओं ने जनसमूह को अखंड भारत के निर्माण हेतु कटिबद्ध होने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीराम वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन श्रीनिवास खेड़िया ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। हालांकि आंतरिक राजनीति की विवशताओं के कारण यह उदासीन विषय बना रहा, परन्तु 05 अगस्त 2019 को गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में स्पष्ट किया कि जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर तथा अक्साई चीन भी शामिल हैं। दीक्षित ने भारत और कश्मीर की ऐतिहासिक अभिन्नता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कनिष्क, ललितादित्य ने इसी क्षेत्र को केंद्र बनाकर सम्पूर्ण उत्तर भारत को शासित किया। महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल में पूरा गिलगित बल्टिस्तान उनके साम्राज्य का हिस्सा था। परन्तु हरिसिंह द्वारा पूरे राज्य ( गिलगित-बाल्टिस्तान सहित) का विलय हो जाने के बावजूद माउंटबेटन ने नेहरू को सीजफायर के लिए बाध्य किया और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का विखंडन हुआ।

सिटी इवेंट

# न्यू मशाल क्लब जूनियर और सीनियर ने की जीत हासिल



**भिलाई।** मिनी स्टेडियम भिलाई-3 में लोटस ट्राफी आठ दिवसीय रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन के तीसरे दिन मैच एकलव्य फुटबॉल क्लब गनियारी व न्यू मशाल क्लब जूनियर, फुटबॉल क्लब रायगढ़, न्यू समाचार क्लब सीनियर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें गनियारी से न्यू मशाल क्लब जूनियर ने एक जीरो से मैच को जीता, न्यू मशाल क्लब सीनियर ने रायगढ़ से दो जीरो से मैच को जीत लिया। तीसरे दिवस मैच का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा राम खिलावन वर्मा,विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, पार्षद फिरोज फारूकी,प्रेमलता चंद्राकर साहब वर्मा अतिथि के रुप में मंच पर मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। भाजपा जिला भिलाई के महामंत्री प्रेम लाल साहू इसके संयोजक है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष दीपक थापा, सचिव संजय सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश राउत, ज्ञान दास मानिकपुरी, समेत दयादास साहू, महेश सोना, अन्नू वर्मा, शिवा पटनायक, ऋषभ, अमन आदि मौजूद थे।

- भिलाई-तीन में रात्रिकालीन फुटबाल स्पर्धा में हुए रोमांचक मैच

एजुकेशन लाइव

# डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज की तीन छात्र प्रावीण्य सूची में



**भिलाई।** हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग के द्वारा आयोजित सत्र 2023-24 की परीक्षा की प्रावीण्य सूची घोषित की गई है। इसमें प्रावीण्य सूची में डॉ खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई तीन इतिहास विभाग की छात्रा कु. सुमन चन्द्रा पिता संतोष चन्द्रा ने चतुर्थ स्थान बनाया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने मेरिट सूची की छात्रा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अपनी लगन, मेहनत, दृढ निश्चय एवं प्राध्यापको के सहयोग ने सफलता का परचम लहराया है। इस छात्रा की मेहनत से प्रवीण सूची में जगह बनाने से महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओ को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने इस सफलता के लिए इतिहास विभाग के प्राध्यापको को भी अपनी शुभकामनाएं दी। खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई -3 के इतिहास विभाग की छात्रा ने प्रवीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। इस अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ भारती सेठी ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभाग के सभी छात्र-छात्राएं आगे भी ऐसे ही प्रतिभा के प्रदर्शन को बनाये रखे और महावद्यिालय का नाम रोशन कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। छात्रा कु.सुमन चन्द्रा ने अपने गुरुजनों एवं परिजनों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचारों से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। वह प्रतिदिन में 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थी। इस उपलब्धि के लिए इतिहास विभाग के प्राध्यापक कमुन वर्मा ,वर्षा सूर्यवंशी समेत कालेज परिवार ने छात्रा को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

- हेमचंद यादव विवि घोषित किया परिणाम

समाज इवेंट

# वाडबलिजा जातिय संघम भिलाई की बैठक में हुई चर्चा



**भिलाई।** वाडबलिजा जातिय संघम भिलाई की सामान्य सभा की बैठक रविवार को श्रीराम चौक बालमंदिर परिसर जोन 2 संघ भवन खुर्सीपार में आयोजित की गई थी। बैठक में अध्यक्ष जी हरिकृष्णा ने स्वागत भाषण दिया। महासचिव वी वायकुंठ राव ने सभी विषयों को आमसभा के समक्ष प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष के पापाराव ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उसके उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी बिंदुओं पर सहमति जताई। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का चुनाव बैलेट पेपर से कराया जायेगा। सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मार्च शाम 7 बजे तक रखी गई है। नवीन कार्यकारिणी के लिए आगामी त्रैवार्षिक चुनाव 27 अप्रैल को किया जायेगा। सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी के रूप में एल कालीदास को नियुक्त किया गया है। बैठक में एम वेकंट राव, दासरी राजू, के श्रीनिवास राव, एम कृष्णा, के उमाशंकर राव, एम ईश्वर राव, एल चैतन्या,पी केशव राव, चिकटी गणपति राव, सागरू नारायण स्वामी, बी जोगाराव,के प्रसाद राव, एम बाबूराव,एम एस राव, पी तुलसीदास, एम पापाराव,जी माधवराव, वी अप्पाराव,वी सी शेखर, वी सूर्यनारायण, आदिनारायण, वी वेकंटेशवर राव सहित काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

- त्रैवार्षिक चुनाव 27 अप्रैल को, बनेगी नई समिति

- बोल बम सेवा व कल्याण समिति द्वारा आयोजित संगीत में श्रद्धालुओं ने किया बाबा की भक्ति का रसपान

# बाबा की बारात से पहले संगीत संध्या में झूमे भक्त, गायिका शहनाज के भजनों ने बनाया माहौल, आज होगी मेंहदी रस्म

**भिलाई।** महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को सभी स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ट्विनसिटी में होने वाले सबसे बड़े आयोजन बोल बम सेवा व कल्याण समिति द्वारा आयोजित बाबा की बारात भी अपने पूरे शवाब के साथ खुर्सीपार से निकलेगी। महादेव की बारात और शादी के पहले होने वा ले सभी रस्म



संगीत, मेंहदी भी समिति द्वारा निभाई जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को आयोजित संगीत संध्या में भजन गायिका शहनाज अख्तर ने महादेव और राम के भजनों की प्रस्तुति देकर समां को बांधे रखा और उपस्थित भक्त सुमधुर भजनों में देर रात तक नाचते-झूमते नजर आये। इस दौरान शहरवासियों के अलावा आसपास के लोग काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। आज दोपहर 2 बजे से समिति द्वारा परंपरानुसार मेंहदी की रस्म भी निभाई जाएगी।



## भजनों में झूमें बाबा के भक्त

शिवरात्रि को बाबा की बारात 26 फरवरी को विभिन्न स्थानों से निकलेगी। जो मध्यभारत की सबसे बड़ी बारात होगी। जिसमें भूत-पिशाच के रूप में देशभर के कलाकार शामिल होंगे। बारात से पहले 23 फरवरी को संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस संगीत संध्या में हिंदू भजन सम्राट शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति दी। शहनाज के भजन को सुन माहौल बन गया। खुर्सीपार दुर्गा मंदिर पंडाल में यह आयोजन हुआ।इस अवसर पर आयोजक दया सिंह, भिलाई मेयर नीरज पाल ,महेश वर्मा बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रमोद सिंह संसाद प्रतिनिधि, सरिता बघेल सहित अन्य पार्षद शामिल हुए।



## बारात में देखने को मिलेंगी यह झांकियां

कल खुर्सीपार से निकलने वाली झांकियों में आंध्रप्रदेश की श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुती दी जाएगी। श्री महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर शमशान महाकाल, केरल के हनुमान भगवान का विशाल रुप, , शिव भगवान बूढ़ा नृत्य टीम, छत्तीसगढ़ के भजन सम्राट दूकालु यादव की संगीतमय प्रस्तुती, भोले बाबा के दुल्हे के रुप में दर्शन, समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव, बस्तर के 40 लोगों के टीम द्वारा कोया नृत्य, कृष्ण नरकासुर वध 35 फीट की झांकी, पताल लोक में नाग लोक का दृश्य, नरसिंग अवतार की विशाल झांकियां, राम दरबार कृष्णलीला, भगवान गणेश शुभ लाभ का जन्मदिवस मनाते हुए अद्भुत दृश्य, 21 झांकिया जिसमें 4000 से ज्यादा लोग राम रावण, विभीषण, भुत, पिसाच, राक्षसगण नाचते गाते मनमोहक झांकियां, राजस्थान के आतिशबाजी की विशेष प्रस्तुती सभी में आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन में राकेश प्रसाद, प्रमोद सिंह, विजेंद्र मिस्र, प्रशांत, गौरव गोरघाटे, रंजीत सिंह ढिलन, प्रदीप सोनी, रोकी साहू, बेनू साहू, आशीष चंद्राकर, प्रदीप वर्मा संतोष चौहान, ओम प्रकाश सिंह, श्रीधर राव सहित महिला मंडल तैयारी में जुटे हुए है।



**आज होगी मेंहदी रस्मः** भोले बाबा की भव्य बारात से पहले मंगलवार को जोन 2, दुर्गा पंडाल, खुर्सीपार में दोपहर 2 बजे से विशेष मेंहदी रस्म का आयोजन समिति द्वारा किया गया हैं। जिसके लिए आयोजक दया ने आज सभी भक्तों से मेंहदी के रंग और शिव की भक्ति के रंगों से सराबोर होने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने सभी से अपील की है।

स्वास्थ्य शिविर...

# स्त्री रोग सहित मौसमी बीमारियों का हुआ निःशुल्क इलाज, डॉक्टर्स ने दी सलाह



**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को आंगनबाड़ी क्रं.4 के पास, उमरपोटी में किया गया। इस शिविर में दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना चैकअप कराने के उपरांत डाक्टरों की सलाह से दवाईयां प्राप्त की। उमरपोटी में आयोजित शिविर में स्त्री रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग, पेट संबंधित रोग, मौसमी बीमारियों, आंख, कान, गला, मुख संबंधित विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया। कई लोगों ने ईसीजी भी करवाया। साथ ही बीपी, शुगर, आखों की भी जांच की गई। भिलाई बंगाली समाज के राजदीप सेन ने बताया कि सनसेवा के उद्देश्य से हर साल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अलग-अलग स्थानों में किया जाता है। यह 19 वां आयोजन था। हृदयरोग विशेषज्ञ द्वारा हार्टअटैक से बचने के उपाए बताए गए। शिविर में स्पर्श हॉस्पिटल सुपेला, साई नेत्रालय सुपेला, विपिन अरोड़ा डेंटल क्लिनिक रिसाली, इमेजेस डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी नेहरू नगर, अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर जुनवानी, पहला जानी आईवीएफ रायपुर के अनुभवी डॉक्टर और स्टाफ सहित कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चंदन कुमार दास, चेस्ट फिजिशियन डॉ. सीएस घोष, आयुर्वेदिक डॉक्टर मणि शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक सेन, सेक्टर-9 अस्पताल से डॉ. गणेश, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. संगीता भट्टाचार्य, डॉ. महेन्द्र सिंह चौरसिया, स्पर्श अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर और चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अरविन्द सावंत, टीएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. सीमापति, मुकेश और उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी।



अर्थशास्त्र विभाग का आयोजन

# बेरोजगारी व जनसंख्या प्रवास के ज्वलंत आर्थिक मुद्दों पर दिया पीपी प्रेजेन्टेशन



**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन एवं पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एम ए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

छात्राओं ने भारत में बेरोजगारी, भारत में नई औद्योगिक नीति, जनसंख्या प्रवास, आर्थिक संसाधन तथा सतत विकास जैसे ज्वलंत आर्थिक मुद्दों को पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के रूप में प्रस्तुत किया। पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन का उद्देश्य छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना एवं विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। जिसका विषय पर्यावरणीय संरक्षण एवं आर्थिक प्रभाव था। छात्राओं ने इस विषय को पोस्टर के माध्यम से बहुत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की ज्वलंत समस्या है। आर्थिक विकास के लिए प्राकृतिक साधनों का संरक्षण बहुत आवश्यक है। देश के हर नागरिक को इसे समझना और इसमें सहयोग देना देश के विकास के लिए नितांत आवश्यक है। विभागाध्यक्ष डॉ डी सी अग्रवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्तित्व एवं बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए अत्यंत ही उपयोगी है। छात्राओं ने पोस्टर निर्माण द्वारा यह अवश्य अनुभव किया है कि पर्यावरण संरक्षण आर्थिक विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है। डॉ मुक्ता बाखला एवं डॉ दीपक कश्यप निर्देशन में आयोजित पोस्टर निर्माण और पीपीटी गतिविधियों में विजेता पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल यादव, एम ए तृतीय सेम, द्वितीय स्थान शबीना, एम ए चतुर्थ सेम एवं तृप्ति साहू एम ए द्वितीय सेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंजली बंसल एम ए द्वितीय सेम एवं ट्विकंल यादव एम ए चतुर्थ सेमस्टर भी विजेता रही।

- अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता एवं पीपीटी का आयोजन

निरंकारी मिशन का अमृत प्रोजेक्ट- स्वच्छ जल, स्वच्छ मन

# पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, संरक्षण सभी की जिम्मेदारी सेवादारों ने की शिवनाथ नदी की सफाई, युवाओं का रहा योगदान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** संत निरंकारी मिशन द्वारा सेवाकार्य की ओर एक और स्वर्णिम कदम आगे बढ़ाते हुए नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश देने अमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ। इसी कड़ी में दुर्ग के शिवनाथ नदी के महमरा घाट में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें युवाओं की विशेष भागीदारी देखी गई। दुर्ग ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शिवनाथ नदी में आयोजित हुई अमृत प्रोजेक्ट परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने बताया कि यह मुहिम जिले के अन्य स्थान जामुल व ओडरसकरी में विभिन्न घाटों व जल स्रोतों की सफाई की गई।



## स्वच्छता और जल संरक्षण की बनाएं आदत

सतगुरु माता की बातों को जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि पानी अमृत समान है, जिसे प्रकृति ने हमें जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार के रूप में प्रदान किया है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी स्वाभाविक आदत होनी चाहिए। हम अक्सर अनजाने में अपशिष्ट और गंदगी को जल स्रोतों या अन्य स्थानों पर डालकर प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं, जिससे पर्यावरण को हानि होती है। इसी चिंतन से प्रेरित होकर, प्रोजेक्ट अमृत जैसी सामाजिक पहल की शुरुआत की गई है, जो जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया। प्रत्येक श्रद्धालु की समर्पित उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जब प्रेम, सेवा और समरसता का दिव्य संगम होता है, तब प्रकृति भी नवजीवन का अनुभव करती है।

## सेवा अभियान में सभी की रही भागीदारी

मिशन के सदस्य शंकर सचदेव ने आयोजन को संबंध में जानकारी देते हुए बताय कि बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिवस को समर्पित इस सेवा अभियान में हर संत को जल संरक्षण की दिशा में योगदान देने का अवसर मिला। यह पहल न केवल घाटों और जलस्रोतों की स्वच्छता पर केंद्रित थी, बल्कि घरों में छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से जल बचत को भी प्रोत्साहित किया। जिससे जल का सम्मान हो और यह अमूल्य संसाधन आने वाली पीढ़ियों के संरक्षित रह सके। दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा आयोजित इस अभियान में दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने उपस्थित होकर सेवादारों का उत्साह वर्धन किया।उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत अभियान के माध्यम से जल संरक्षण जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। जो कि सराहनीय है। इस अभियान में सैकड़ो सेवादारों ने योगदान दिया।



## ये भी जानें

# सेहत के लिए वरदान है शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र



हिंदू धर्म में बेलपत्र का उपयोग पूजा-पाठ या मांगलिक कार्यों को करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि महाशिवरात्रि और सावन माह में शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं, भोलेबाबा को चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि इसका सेहत से भी गहरा कनेक्शन जुड़ा हुआ है। बेलपत्र में विटामिन ए, सी, बी1 और बी6 के अलावा कैल्शियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जो डायबिटीज से लेकर पाइल्स और दिल की सेहत तक का खास ख्याल रखते हैं। सेहत के लिए बेलपत्र के फायदे

**बेहतर पाचन :** बेलपत्र में फाइबर की अच्छी मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन को बेहतर बनाए रखकर पाचन संबंधी समस्याओं जैसे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकती है।

**आयरन की कमी :** जिन लोगों के शरीर में खून की कमी या एनीमिया की शकियत रहती है, उनके लिए बेल के पत्तों के रस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। बेल के पत्तों का रस पीने से खून की कमी को दूर करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए एक चम्मच बेल के पत्तों का रस एक गिलास पानी में डालकर पिएं।

**दिल की सेहत :** एक्सपर्ट के अनुसार बेलपत्र का सेवन हार्ट हेल्थ को भी अच्छा बनाए रखने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर बेलपत्र हार्ट डिजीज के खतरे को कम करके दिल को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। बेलपत्र के पत्ते चबाने से हार्ट अटैक और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम होता है।

**बवासीर :** बवासीर से पीड़ित लोगों को खाली पेट बेल पत्र के पत्ते चबाने से फायदा मिल सकता है। बेल पत्र पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा बेल पत्र में मौजूद फाइबर और एंटी-इंफ़्लेमेटरी गुण पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर सूजन की समस्या को भी कम करने में मदद करते हैं। जिससे बवासीर रोगियों को फायदा मिलता है।

**बेहतर इम्यूनिटी :** बेलपत्र का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है। सुबह खाली पेट बेलपत्र के पत्ते चबाने से इम्यून सिस्टम बेहतर होने के साथ कई तरह के इंफेक्शन से भी बचाव हो सकता है। लेकिन इन पत्तों का सेवन करने से पहले आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# प्रेग्नेंट महिलाओं को नहीं करना चाहिए महाशिवरात्रि का व्रत, बच्चे को हो सकती है परेशानी



महाशिवरात्रि इस साल 26 फरवरी को है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था और इस दिन जो भी महादेव की उपासना करता है, उसे दोगुना फल प्राप्त होता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, मंदिर जाकर भगवान शिव को फल-फूल अर्पित करते हैं और शिवलिंग पर दूध व जल अर्पित करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस दिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं उपवास रखती हैं।

महाशिवरात्रि 2025 का व्रत श्रद्धा और आस्था से रखा जाता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए यह उपवास उनके शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी स्थिति के आधार पर सही नहीं हो सकता। आइए जानें कि किन गर्भवती महिलाओं को इस व्रत से बचना चाहिए और क्या सावधानियां रखनी चाहिए।

## पहली और अंतिम तिमाही में महिलाएं

**पहली तिमाही:** इस दौरान बच्चे का विकास हो रहा होता है, और उपवास करने से कमजोरी, चक्कर आना और ब्लड शुगर का लेवल कम होने का खतरा रहता है।

**अंतिम तिमाही:** शरीर को अधिक एनर्जी की जरूरत होती है, और लंबे समय तक भूखे रहने से थकान, एसिडिटी और डिहाइड्रेशन हो सकता है।

कमजोरी या एनीमिया से ग्रस्त महिलाएं

यदि गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो उपवास करने से शरीर को आवश्यक पोषण नहीं मिलेगा, जिससे चक्कर, कमजोरी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## ब्लड प्रेशर या डायबिटीज की समस्या वाली महिलाएं

हाई या लो ब्लड प्रेशर से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए उपवास करना खतरनाक हो सकता है।

गर्भावधि मधुमेह से ग्रस्त महिलाओं को समय-समय पर भोजन की आवश्यकता होती है। उपवास के कारण कार्बोहाइड्रेट का स्तर असंतुलित हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## बीमारियों से बचे रहने के लिए आहार में सुधार करना सबसे आवश्यक

# फाइबर वाली चीजें सिर्फ डायबिटीज ही नहीं, कैंसर से भी कर सकती हैं बचाव

डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों के अनुसार, पुरुषों को प्रतिदिन 30-40 ग्राम और महिलाओं को प्रतिदिन 25-30 ग्राम फाइबर जरूर लेना चाहिए। पाचन तंत्र, हृदय, डायबिटीज नियंत्रण और कैंसर से बचाव में भी फाइबर वाली चीजें लाभप्रद हो सकती हैं। शरीर को स्वस्थ रखने और कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचे रहने के लिए आहार में सुधार करना सबसे आवश्यक माना जाता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी सिर्फ अपने खान-पान को ही ठीक कर लें तो इससे कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है।



## शुगर-कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखने में मददगार

शोधकर्ताओं ने बताया कि घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। अध्ययनों के अनुसार, उच्च फाइबर वाले आहार लेने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम होता है। फाइबर आपके पाचन को धीमा करके शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। डायबिटीज रोगियों में हृदय रोगों का खतरा अधिक होता है, फाइबर वाली चीजें इसमें भी आपके लिए लाभकारी हैं। घुलनशील फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढाता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा 30% तक कम हो सकता है।

## क्या कहता है डब्ल्यूएचओ?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों के अनुसार, पुरुषों को प्रतिदिन 30-40 ग्राम और महिलाओं को प्रतिदिन 25-30 ग्राम फाइबर जरूर लेनी चाहिए। पाचन तंत्र, हृदय, डायबिटीज नियंत्रण और कैंसर से बचाव में भी फाइबर वाली चीजें लाभप्रद हो सकती हैं। संतुलित मात्रा में और प्राकृतिक आहार के माध्यम से फाइबर की पूर्ति करना समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## फाइबर के इन फायदों को भी जानिए

### वेट लॉस में सहायक

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे अधिक खाने की इच्छा नहीं होती है। फाइबर धीरे-धीरे पचता है, जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती, जिसके परिणामस्वरूप आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।

### कैंसर से बचाव में सहायक

शोध बताते हैं कि आहार में हाई फाइबर वाली चीजें होने से कोलन (आंत) कैंसर का खतरा कम होता है। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकते हैं।

### त्वचा रहती है हेल्दी

फाइबर आपकी आंतों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है, जो कोलेजन उत्पादन और स्किन सेल्स की मरम्मत करने वाले पोषक तत्वों को अवशोषित करने में सहायक है। फाइबर वाली चीजों के सेवन से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है।

# चाय में कूटकर या काटकर, किस प्रक्रिया से अदरक डालना है सही? जान लें इसके बड़े फायदें

सर्दी हो या गर्मी चाय पीना हर भारतीय का फेवरेट ड्रिंक है। कोई खुशखबरी है या फिर तबीयत नासाज है तो भी लोग एक कप चाय की डिमांड जरूर करते हैं। चाय के दीवाने एक प्याली चाय के लिए मीलों का सफर भी तय कर लेते हैं। सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म करने के लिए लोग खूब चाय का सेवन करते हैं। चाय का स्वाद बढ़ाने में अदरक मुख्य भूमिका निभाता है। अगर सही ढंग से चाय में अदरक न डाला जाए तो इससे चाय का स्वाद भी खराब हो सकता है।

अगर आप चाय के शौकीन हैं, तो आपने जरूर गौर किया होगा कि अदरक डालने का तरीका उसकी खुशबू और स्वाद को कितना बदल सकता है। लेकिन सवाल यह है कि अदरक को चाय में कूटकर डालना सही है या काटकर? कहीं आप भी इसे गलत तरीके से तो नहीं बना रहे?

## अदरक डालने के दो तरीके और उनका असर

1. कूटकर डालना – स्ट्रांग और झन्नाटेदार चाय के लिए

**कैसे करें** : अदरक को हल्का कूटकर उबलते पानी में डालें और 2-3 मिनट तक उबालें, फिर चाय पत्ती और दूध मिलाएं।

**क्या फायदा** : अदरक का रस और तीखा स्वाद तेजी से निकलता है। चाय ज्यादा मसालेदार और गर्माहट देने वाली बनती है।

**कब सही है** : जब आपको स्ट्रॉन्ग अदरक वाली चाय चाहिए।

**सर्दी-खांसी में आराम पाने के लिए**

2. काटकर डालना – हल्के और संतुलित स्वाद के लिए

**कैसे करें** : अदरक को पतले स्लाइस में काटकर पानी में डालें और धीरे-धीरे उबालें, फिर चायपत्ती और दूध मिलाएं।

**क्या फायदा** : स्वाद हल्का, लेकिन संतुलित रहता है। चाय ज्यादा तीखी या कड़वी नहीं लगती।

**कब सही है** : जब आपको सिर्फ हल्का फ्लेवर चाहिए। अगर रोजाना अदरक वाली चाय पीते हैं और बहुत स्ट्रॉन्ग टेस्ट नहीं चाहते।



## गलतियां जो आपको नहीं करनी चाहिए

**कच्ची अदरक सीधे दूध में डालना** – इससे दूध फट सकता है।

**बहुत ज्यादा अदरक डालना** – चाय का स्वाद ज्यादा तीखा और कड़वा हो सकता है।

**सही तरीका क्या है** : अगर आपको स्ट्रॉन्ग और मसालेदार चाय चाहिए, तो अदरक को कूटकर डालें। अगर आपको हल्का फ्लेवर चाहिए, तो अदरक को काटकर डालें। पहले पानी में उबालें, फिर दूध डालें, ताकि चाय का स्वाद बैलेंस बना रहे। अदरक वाली चाय न सिर्फ स्वाद में बेहतरीन होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और औषधीय गुण इसे एक बेहतरीन हेल्दी ड्रिंक बनाते हैं।

# लिवर पर ठंडक पहुंचाकर हेल्दी रखते हैं ये 5 ड्रिंक्स, अंदर से बढ़ती है यकृत की ताकत

हमारा लिवर बिना थके दिन-रात अपने आप काम पर लगे रहता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि आपका लिवर 500 से ज्यादा तरह का काम करता है। लेकिन, हमारा आधुनिक लाइफस्टाइल हमारे लिवर को कमजोर करने लगा है। अनहेल्दी स्नेक्स, देर रात पार्टी, शराब का ज्यादा सेवन, पैकेटबंद चीजों को ज्यादा खाना, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, फास्ट फूड के अत्यधिक सेवन से हमारा लिवर खराब होता है। इससे लिवर पर बहुत अधिक प्रेशर पड़ता है। ऐसे में लिवर को ठंडा, हेल्दी और मजबूत बनाने के लिए कुछ खास तरह के ड्रिंक्स फायदेमंद साबित हो सकते हैं।



## लिवर के लिए हेल्दी ड्रिंक्स

1. **गुनगुना लेमन**-वाटर-यह बात तो आपने सुनी ही होगी कि खाली पेट अगर गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं तो इसका शरीर पर अमृत की तरह फायदा होता है। वास्तव में नींबू और गुनगुना पानी लिवर को डिटॉक्स करता है। यह लिवर में मौजूद टॉक्सिन को फ्लश आउट कर देता है।
2. **आंवला जूस**-आंवला लिवर के लिए सुपरफूड है। इसमें विटामिन सी लोड रहता है जो लिवर के फंक्शन को बूस्ट करता है और हानिकारक टॉक्सिन को बाहर करता है। अगर आप सप्ताह में दो तीन भी आंवला का जूस पिएंगे तो इससे आपका लिवर मजबूत होगा और डाइजेशन बेहतर होगा।
3. **हल्दी की चाय**-हल्दी की चाय लिवर के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होता है जो लिवर में किसी भी तरह के इंफ्लामेशन को रोकता है। इससे लिवर के सेल्स का रिपेयर होता है। इसके लिए गर्म पानी में कच्ची हल्दी का पाउडर मिला दें और इसका सेवन करें।
4. **चुकंदर का जूस**-चुकंदर का जूस सिर्फ शरीर में खून ही नहीं बढ़ाता, बल्कि यह लिवर को भी ठंडक पहुंचाता है। चुकंदर में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ-साथ नाइट्रेट्स भी होता है। इससे ब्लड फ्लो अच्छा होता है और यह लिवर को डिटॉक्सिफाई करता है। सप्ताह में एक दिन भी आपको चुकंदर का जूस जरूर सेवन करना चाहिए।
5. **गाजर का जूस**-गाजर में बीटा कैरोटीन और फ्लेवेनोएड एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो लिवर से ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को कम करता है और लिवर की कोशिकाओं से टॉक्सिन को निकालने में मदद करते हैं। सुबह में गाजर का जूस पीने से लिवर के एंजाइम सही से निकलते हैं जो पाचन में मदद करते हैं।



# क्या आप भी टॉयलेट में चलाते हैं मोबाइल फोन? सावधान- ये आदत पाइल्स का बढ़ा सकती है खतरा

मोबाइल फोन्स हमारे दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बन गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक हम सभी किसी न किसी काम से मोबाइल से चिपके रहते हैं। कई अध्ययन चिंता जताते रहे हैं कि मोबाइल फोन्स से लगे रहने की आदत स्क्रीन टाइम को बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर असर हो रहा है। इसके अलावा मोबाइल फोन्स की बढ़ती लत से संबंधित एक दुष्प्रभाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों सभी लोगों को अलर्ट किया है।

क्या आप भी टॉयलेट में अपना फोन लेकर जाते हैं? अगर हां, तो सावधान हो जाइए। ये आदत आपको गंभीर रूप से बीमार करने वाली हो सकती है। टॉयलेट में फोन चलाने के कारण संक्रामक बीमारियों के बढ़ने के जोखिमों के अलावा ये स्थिति आपमें पाइल्स और एनल फिस्टुला जैसी बीमारियों का भी कारण बन सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि जिन लोगों की ऐसी आदत है वो तुरंत सुधार कर लें। आइए इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।

टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल चलाने के नुकसान

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टर्स ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पाइल्स और फिस्टुला के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। निष्क्रिय जीवनशैली और खराब आहार तो इसका कारण है ही साथ ही टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल के इस्तेमाल को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

**पाइल्स और फिस्टुला की समस्या :** पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही मलाशय क्षेत्र में होने वाली समस्या मानी जाती है। पाइल्स जिसे बवासीर भी कहा जाता है, ये गुदा नलिका (एनल कैनल) की रक्त वाहिकाओं में सूजन के कारण होता है। जबकि फिस्टुला एनल कैनल में संक्रमण के कारण होने वाली समस्या है। फिस्टुला मुख्यरूप से आंतरिक हिस्से में होता है जबकि पाइल्स बाहरी या आंतरिक दोनों में हो सकता है। सर्जन डॉ रमेश धीर बताते हैं, शौचालय में बैठकर लंबे समय तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बवासीर होने का खतरा बढ़ सकता है। कमोड सीट पर लंबे समय तक बैठना मलाशय क्षेत्र में नसों पर दबाव बढ़ता है, जिसके कारण इसमें समय के साथ सूजन की दिक्कत बढ़ जाती है जिसे पाइल्स का कारण माना जाता रहा है।

## संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा

मोबाइल फोन्स पर रील्स देखते रहने की आदत के चलते पहले की तुलना में अब औसतन 10 मिनट लोग सीट पर बिता रहे हैं। टॉयलेट सीट्स पर रोगजनक भी अधिक होते हैं, ऐसे में शरीर के संवेदनशील जननांग हिस्सों में संक्रमण का खतरा भी अधिक हो सकता है। इसके अलावा गतिहीन जीवनशैली और खराब खान-पान की आदत आपके जोखिमों को दोगुना कर देती है। कम पानी पीने, जंक फूड का अधिक सेवन और टॉयलेट में लंबे समय तक बैठने जैसी आदत मिलकर इस तरह की बीमारियों के खतरे को कई गुना तक बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

## कहीं आपको भी तो नहीं हो गई है ये बीमारी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही बीमारियां काफी आम हो गई हैं। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान और इसका इलाज प्राप्त करना बहुत जरूरी हो जाता है। पाइल्स के शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते हैं क्योंकि यह दर्द रहित होती है, हालांकि बीमारी बढ़ने के कारण मलाशय में सूजन, खून आने और दर्द की समस्या काफी बढ़ जाती है। वहीं फिस्टुला के कारण भी आपको इसी तरह की दिक्कतें होती हैं। पर चूंकि फिस्टुला एक संक्रामक स्थिति है इसलिए आपको गुदा क्षेत्र से मवाद आने की भी समस्या हो सकती है।

## कार्नर न्यूज

## सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है, उसके मन की हर मनोकामनाएं होती हैं पूरी

# महाशिवरात्रि के दिन जरूर करें ये 5 काम, भोलेनाथ की कृपा संग बनी रहेगी सेहत और खुशहाली

महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म के बेहद ही खास त्यौहारों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पावन दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह हुआ था। कहते हैं इस दिन जो भी भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है, उसके मन की हर मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महाशिवरात्रि का पर्व बाकी त्यौहारों से कई मायनों में अलग है। यह महज एक उत्सव का ही दिन नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक रूप से खुद को ऊपर उठाने का भी दिन है। ऐसे में आप इस दिन कुछ ऐसी खास चीजें कर सकते हैं, जो आपकी स्प्रिचुअल ग्रोथ के साथ-साथ बॉडी और माइंड को बेहतर रखने में भी मदद करेंगी।



## ठंडे पानी से करें स्नान

महाशिवरात्रि के पावन दिन की शुरुआत आप ठंडे पानी में स्नान करने के साथ कर सकते हैं। सुबह ठंडे पानी में स्नान करना एक बहुत अच्छी आदत है, जिसे आपको अपने डेली रूटीन का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। दरअसल कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि ठंडे पानी से नहाने पर ध्यान शक्ति बढ़ती है। इसके साथ ही बॉडी में ओवरऑल ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है, जो शरीर में ऊर्जा को बढ़ावा देता है। ये आपकी आध्यात्मिक ग्रोथ के साथ-साथ बॉडी और माइंड के लिए भी एक अच्छी आदत है।

## रखें उपवास

महाशिवरात्रि के दिन बहुत से भक्त उपवास रखते हैं। यह सिर्फ धार्मिक नजरिए से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। साइंस में भी फास्टिंग के कई हेल्थ बेनिफिट्स बताए गए हैं। जब आप 24 घंटे के लिए अपनी बॉडी को रेस्ट देते हैं और कई चीजें खाने से परहेज करते हैं, तो इसके कई फायदे होते हैं। जैसे- ब्लड शुगर लेवल का नियंत्रित होना, हार्ट हेल्थ इंप्रूव होना, बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होना, फोकस इंप्रूव होना आदि।

## मेडिटेशन से करें दिन की शुरुआत

सुबह की शुरुआत आप कुछ देर मेडिटेशन के साथ कर सकते हैं। मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बेहतर रखने का यह एक बेहतरीन तरीका है। कई धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं में प्राचीन समय से ही इसका अभ्यास किया जाता रहा है। आज मॉडर्न साइंस में भी मेडिटेशन के हेल्थ बेनिफिट्स को माना जा रहा है। कई रिसर्च में तो यह बात भी सामने आई है कि रोज ध्यान करने से आप लंबे समय तक जवां बने रहते हैं और उम्र में भी इजाफा होता है। ऐसे में आपको ध्यान का अभ्यास अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए।



## मंत्रजाप करना

महाशिवरात्रि के दिन को आप 'ओम' का जाप कर के और भी खास बना सकते हैं। 'ओम' को 'ब्रह्मांड की ध्वनि' कहा जाता है और यह भगवान शिव से भी जुड़ा हुआ होता है। धार्मिक रूप से तो ओम का जाप हमेशा से महत्वपूर्ण रहा ही है, साथ में इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स भी सामने आए हैं। कई अध्ययनों में पता चला है कि ओम का मंत्रजाप करने से हमारे नेगेटिव इमोशन जैसे गुस्सा, स्ट्रेस, डिप्रेशन और एंग्जाइटी भी दूर होते हैं।

## जरूरतमंदों को करें दान

किसी भी धार्मिक उत्सव या पूजा-पाठ में दान का बहुत ही विशेष महत्व होता है। कहते हैं भगवान को खुश करने का सबसे आसान और असरदार तरीका यही है कि किसी जरूरतमंद की मदद की जाए। ऐसे में आप महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ये है अब तक की सबसे खतरनाक वेब सीरीज, ओटीटी पर कर रही ट्रेंड



आजकल लोग ओटीटी पर फिल्म्स से ज्यादा वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। ओटीटी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां आपको ढेर सारी फिल्में और सीरीज मिल जाती हैं। यहां पर हर तरह का कंटेंट मिलता है, जैसे कॉमेडी, हॉरर, एक्शन और थ्रिलर. हर हफ्ते नई-नई फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी पर रिलीज होती रहती हैं। अगर आपको भी थ्रिलर और खून खराबे से भरी फिल्में या सीरीज देखना पसंद है और ऐसी फिल्म या सीरीज बिना आंख बंद किए देख लेते हैं, तो आज हम आपको एक ऐसी ही वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके होश उड़ा देगी. ये एक ऐसी खतरनाक सर्वाइवल थ्रिलर वेब सीरीज हैं, जिसमें भर भर के खून खराबा होता है, जिसको देखने के बाद आपके भी होश उड़ जाएंगे। इतना ही नहीं, इतने लोगों की मौत देखने के बाद आपका दिमाग भी काम करना बंद कर देगा। आज हम आपको यहां जिस वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं वो 3 साल पहले यानी 2021 में ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और देखते ही देखते ट्रेंड करने लगी थी। इन दिनों भी ये सीरीज भारी ट्रेडिंग में बनी हुई है। इस1 काफी पसंद किया गया था।इस सीरीज में कई सीन ऐसे हैं, जिनको देखने के बाद आपका दिल दहल जाएगा और आप ये सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि अगर ऐसा आपके साथ होता तो क्या होता. हम यहां 2021 में स्ट्रीम हुई कोरियन वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' की बात कर रहे हैं। 'स्क्विड गेम' एक दक्षिण कोरियाई टीवी सीरीज है, जिसे ह्वांग डोंग-ह्युक ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

### टॉलीवुड


## अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' ओटीटी पर तहलका मचाने को तैयार




अभिनेता अजीत कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची'की ओटीटी रिलीज तारीख की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर 3 मार्च से देख सकेंगे, जो तमिल, कन्नड़, मलायालम और हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर को शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, कोई ब्रेक नहीं। कोई सीमा नहीं। बस विदामुयार्ची। कहानी की बात करें तो यह फिल्म शादीशुदा कपल अर्जुन और कायल के आस-पास घूमती है। दोनों की शादी टूटने की कगार पर है। दोनों अलग होने से पहले एक आखिरी यात्रा पर जाने का निर्णय लेते हैं, लेकिन उनकी यात्रा एक खतरनाक मोड़ पर उस समय आ जाती है, जब उनकी कार अजरबैजान के एक सुनसान इलाके में खराब हो जाती है। इस दौरान कायल रहस्यमय तरीके से गायब हो जाती है और अर्जुन उन्हें खोजने के लिए निकल पड़ता है। इस यात्रा के दौरान वह कई चौंकाने वाली घटनाओं का सामना करता है। यह फिल्म जॉनाथन मोस्टोव की 'ब्रेकडाउन' से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म के कलाकारों के बारे में बात करें तो, इसमें अजित कुमार के साथ-साथ अर्जुन सरजा, रेजिना कासांद्र, और आरव जैसी प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। ओम प्रकाश ने फिल्म का छायांकन किया है। वहीं, एन बी श्रीकांत ने फिल्म का संपादन और अनिरुद्ध रविचंदर ने इसमें अपना संगीत दिया है।

### भोजपुरी

## यूपी-बिहार के रंगों की खुशबू के साथ आ रही हैं अक्षरा सिंह



भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह होली के हिंदी गानों के साथ जल्द ही दस्तक देने वाली हैं। अक्षरा के इन गानों को होली स्पेशल एल्बम में बनाया गया है। छठ हो, होली हो या दिवाली अक्षरा के गानों के बिना हर त्योहार अधूरा सा लगता है। अब साल 2025 की होली पर अक्षरा का स्पेशल गाना आ रहा है। अक्षरा का होली वाला ये एल्बम 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है। खुद अभिनेत्री ने बताया कि गाने हिंदी में ही हैं, लेकिन उनकी खुशबू और रंग यूपी बिहार वाले हैं। गाने को अक्षरा ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है साथ ही गाने पर उन्होंने परफॉर्म भी किया है। इसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। शरारत भी है और त्योहार की उमंग भी।अक्षरा ने इस गाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने बताया कि ये गीत जरूर सुनिए और सुनाइए। होली साथ मनाते हैं। 27 फरवरी को आ रहा है गाना। पूरी टीम जिसने भी ये गाना बनाया है सभी को धन्यवाद।

## आदर-अलेखा की शादी में सेलेब्स के शानदार लुक्स

### लाइफ स्टाइल



आदर जैन अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अलेखा आडवाणी के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं। उनकी शादी में कई सेलेब्स शामिल हुए, देखिए इनके शानदार लुक्स। आलिया भट्ट ने सीक्वेंस की पिंक साड़ी को कैरी किया जिसके साथ मैचिंग कट स्लीव्स ब्लाउज पहना था। करीना कपूर का एकदम अलग अंदाज देखने को मिला। इस लुक में उन्होंने लाल रंग की खूबसूरत साड़ी को कैरी किया है, जिसके साथ उन्होंने हरे रंग का नेकलेस, माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगाया है। सुहाना खान सफेद रंग के एक हैवी लहंगे को पहनकर पहुंची थीं। इस लहंगे के साथ उनका सिंपल सोबर लुक अच्छा लग रहा है। अनन्या पांडे ने लाल रंग की खूबसूरत साड़ी पहन कर हर किसी का दिल जीत लिया।

## दादी-नानी के इन नुस्खों से कहीं बिगड़ न जाए त्वचा की रंगत, इस्तेमाल से पहले बरतें सावधानी

जब भी त्वचा संबंधी कोई परेशानी घेरती है, तो हम सभी के मन में सबसे पहला ख्याल आता है दादी-नानी के बताए नुस्खों को इस्तेमाल करना। ऐसा इसलिए, क्योंकि बाजार में मिलने वाले स्किन केयर प्रोडक्ट भले ही स्किन टाइप के हिसाब से मिलते हैं, लेकिन कई बार उसमें केमिकल पाए जाने का खतरा होता है।

ऐसे में लोगों को लगता है कि घरेलू नुस्खे भले ही फायदा न करें, लेकिन ये नुकसान भी नहीं करेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। दादी-नानी के द्वारा बताए गए नुस्खों को यदि गलत तरह से इस्तेमाल किया जाए तो चेहरे की रंगत बिगड़ सकती है। आज हम इसी बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

### नींबू का इस्तेमाल

नींबू में ब्लीचिंग तत्व होते हैं, इसलिए ये चेहरा दमकाने में काफी मदद करते हैं। यदि आप बिना पैच टेस्ट के इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे त्वचा पर परेशानी हो सकती है। बता दें कि नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो त्वचा क



परत को हल्का कर सकता है। ऐसे में इसके ज्यादा इस्तेमाल से जलन, रैशेज या पिगमेंटेशन बढ़ सकता है।

### बेसन और हल्दी

अक्सर आपने लोगों को ये मिश्रण इस्तेमाल करते हुए देखा होगा। होली के समय रंग निकालने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।ये कॉम्बिनेशन स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है, लेकिन ड्राई स्किन वालों को ये रूखापन दे सकता है। ऐसे में अपनी त्वचा के हिसाब से ही इसका इस्तेमाल करें।

### मुल्तानी मिट्टी

चेहरे के अतिरिक्त ऑयल को निकालने के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल काफी अच्छा माना जाता है। पर, यदि आप इसका इस्तेमाल बार-बार करेंगे तो इससे त्वचा ड्राई होने लगेगी। ऐसे में हमेशा सोच-समझ के ही इसका इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा जेल

हर घर में पाए जाने वाला एलोवेरा जेल हर किसी की त्वचा के लिए लाभदायक होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक सेंसिटिव है तो आपको पैच टेस्ट की जरूरत है। कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली या रेडनेस हो सकती है।

### कच्चा दूध

त्वचा की रंगत सुधानरे के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल किया जाता है। वैसे तो ये त्वचा को साफ और मुलायम बनाता है, लेकिन संवेदनशील त्वचा वालों को यह सूट नहीं करता। ऐसे में इसकी वजह से चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल भी सोच-समझ के ही करें।

## नई नवेली दुल्हन की है पहली होली तो इस तरह से हों तैयार

फैशन



इस साल 13 मार्च को होलिका दहन होगा, और उसके बाद 14 मार्च को देशभर में होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि ये दिन भाईचारा और एकता की मिसाल पेश करता है। इस दिन हर कोई एक ही रंग में रंग जाता है। होली का त्योहार लोग अपने-अपने अंदाज में मनाते हैं, ये सबसे खास उन लड़कियों के लिए होता है, जिनकी नई-नई शादी हुई है।

दरअसल, अभी शादी का सीजन चल रहा है, ऐसे में बहुत सी लड़कियां आने वाला होली का त्योहार अपने ससुराल वालों के साथ मनाएंगी। इसी के चलते आज हम आपको यहां बताएंगे कि किस तरह से होली के दिन आप अपने ससुराल में अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। कुछ टिप्स फॉलो करके यदि आप होली के लिए तैयार होंगी, तो ससुराल वाले आपको देखते रह जाएंगे।

**लुक के साथ कंफर्ट का रखें ध्यान :** होली के लुक को खास बनाने के लिए आप हल्के और ब्राइट रंग के कपड़े पहनें। इसके लिए गुलाबी, पीला, हरा या नारंगी रंग का चयन आप कर सकते हैं। होली के दिन साड़ी की जगह कॉटन या जॉर्जेट के सलवार-सूट, फ्लोई अनारकली या लॉन्ग स्कर्ट पहन सकती हैं। अगर पानी वाले रंगों से होली खेलनी है तो डार्क रंगों का चयन करें। ये कपड़े न तो ज्यादा टाइट होने चाहिए और न ही ज्यादा ढीले। अपने कंफर्ट के हिसाब से ही इसका चयन करें।

**मेकअप होना चाहिए वॉटरप्रूफ :** होली के दिन आप **BB** क्रीम या वॉटरप्रूफ फाउंडेशन का इस्तेमाल करें, ताकि रंगों के साथ भी ग्लो बना रहे। यदि हैवी मेकअप करेंगी तो होली खेलते वक्त आपको परेशानी हो सकती है। बेस के अलावा मैट लिपस्टिक और काजल लगाएं जो लंबे समय तक टिका रहे।

**बालों को स्टाइलिश बनाएं :** होली के दिन बालों को स्टाइलिश बनाने के साथ उनका खास ध्यान भी रखें। इसके लिए आप बालों में ढीली-ढीली चोटी गूंथ सकती हैं। बालों को इस दिन खुला तो बिल्कुल भी न रखें। खुले बालों में रंग जम जाएगा, जो बालों को डैमेज कर सकता है। चाहें तो बालों में गजरा या फ्लोरल एक्सेसरीज लगाकर अपना लुक और खास बना सकती हैं।

**हल्की एक्सेसरीज चुनें :** अपने होली लुक को क्लासी और शानदार बनाने के लिए कानों में झुमके, हाथों में चूड़ियां और हल्का नेकपीस पहनें ताकि आपका लुक आकर्षक लगे। ज्यादा भारी ज्वेलरी से बचें, जिससे होली खेलते समय दिक्कत न हो।

## क्लीन शेव करने के बाद आ रही है शर्म तो अपनाएं ये नुस्खे, जल्दी उग जाएगी दाढ़ी

जो लोग हमेशा क्लीन शेव रखते हैं, वो अगर दाढ़ी हर हफ्ते हटवाते रहें तो कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि कोई दाढ़ी रखने वाला व्यक्ति अचानक क्लीन शेव करा ले तो वो चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि क्लीन शेव चेहरा हर किसी को सूट नहीं करता।

यदि आप उन लोगों में से हैं, जिनपर क्लीन शेव जचती है तो अच्छा है, लेकिन यदि आपके चेहरे पर क्लीन शेव नहीं जचती और आपने गलती से दाढ़ी हटवा ली है तो घबराए नहीं। हम कुछ ऐसे नुस्खे आपको बताने जा रहे हैं जो जल्दी दाढ़ी उगने में मदद करते हैं। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

**नारियल तेल और आंवला तेल :** यदि आपकी दाढ़ी नहीं आ रही है तो इसमें नारियल और आंवला तेल आपकी मदद करेगा। इस्तेमाल के लिए नारियल तेल और आंवला तेल मिलाकर दाढ़ी के क्षेत्र में हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही होता है, जिस वजह से दाढ़ी तेजी से निकलती है।



### फिटकरी और गुलाब जल

फिटकरी का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। पर, क्या आप जानते हैं कि इसके इस्तेमाल से जल्दी दाढ़ी भी उगाई जाती है। यदि आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो फिटकरी को गुलाब जल में मिलाकर हल्की मसाज करें और 10 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन साफ भी होती है और दाढ़ी भी जल्दी निकलती है।

### दालचीनी और नींबू का रस

ये दोनों चीजें आपको आपके घर की रसोई में आसानी से मिल जाएंगी। इसके इस्तेमाल के लिए 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 2 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। दोनों चीजों को सही से मिक्स करके दाढ़ी वाले हिस्से पर 20 मिनट लगाकर फिर धो लें।

## ब्लाउज सिलवाने से पहले देख लें बाजू के ये 8+ फैंसी डिजाइन, सिंपल साड़ी भी लगेगी डिजाइनर

ब्लाउज को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव और फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। यहां कुछ डिजाइन दिए गए हैं, जो आपके ब्लाउज को और भी ज्यादा ट्रेंडी बना देंगे।

**ब्लाउज को दें और भी फैंसी लुक :** साड़ी का असली लुक तो ब्लाउज पीस के साथ ही निखर कर आता है। तभी तो ब्लाउज सिलवाने से पहले महिलाओं के मन में अक्सर इसके डिजाइन को ले कर थोड़ी कन्फ्यूजन बनी रहती है। ऐसे में आपके इसी काम को आसान बनाने के लिए हम कुछ फैंसी ब्लाउज स्टिचिंग आइडियाज ले कर आए हैं। ब्लाउज को फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। स्लीव्स को थोड़े यूनिक पैटर्न में स्टिच करा कर आपका ओवरऑल लुक काफी एन्हांस हो जाएगा।



**स्लीव्स पर बनवाएं ये फैंसी पैटर्न :** अपने ब्लाउज को और भी ज्यादा स्टाइलिश और फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स पर कुछ इस तरह का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसमें बहुत ही खूबसूरत कट वर्क किया गया है। इसके साथ ही आप बटन और लेस का इस्तेमाल कर के इस लुक को अपने हिसाब से और भी ज्यादा स्टाइलिश बना सकती हैं। (**Image Credit: blousetrends**)

**ब्लाउज पर अटैच कराएं मैचिंग नेट या लेस :** स्लीव्स को और भी ज्यादा ट्रेंडी लुक देने के लिए आप कुछ इस तरह का डिजाइन पिक कर सकती हैं। इसमें ब्लाउज की स्लीव्स से मैचिंग नेट फैब्रिक या फिर शियर लेस को अटैच किया गया है, जो स्लीव्स को और भी ज्यादा फैंसी लुक दे रहा है।

**लीफ शेप कट वर्क स्लीव्स:** ब्लाउज की स्लीव्स पर आप कुछ इस तरह का लीफ शेप कट वर्क भी करा सकती हैं। ये भी देखने में काफी ज्यादा यूनिक और ट्रेंडी लगेगा। अगर आपको अपना ब्लाउज थोड़ा सिंपल ही रखना है, तो ये पैटर्न बेस्ट है।

**यूनिक स्लीव्स डिजाइन :** स्लीव्स को थोड़ा सा यूनिक टच देना चाहती हैं तो ये डिजाइन बेस्ट रहेगा। इसमें ब्लाउज के फैब्रिक का ही इस्तेमाल कर के बो शेप क्रिएट किया गया है, जो काफी ब्यूटीफुल लग रहा है। पर्ल और बीड्स की मदद से आप अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### हर पूजा-पाठ और शुभ काम में मेहंदी लगाना माना जाता है अच्छा

## इस महाशिवरात्रि हाथों पर रचाएं शिव-पार्वती के नाम की मेहंदी

इस साल 26 फरवरी के दिन महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है, जिसका सनातन धर्म में काफी महत्व है। महाशिवरात्रि की धूम कई-कई दिन पहले से बाजारों में दिखने लगती है। लोग इस दिन महादेव को प्रसन्न करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं और व्रत-अपवास रखते हैं। महिलाएं खूब सज-संवर के पूजा करने मंदिर जाती हैं। आप चाहें तो इस दिन अपने हाथों पर महादेव और मां पार्वती के नाम की मेहंदी लगा सकती हैं। हिंदू धर्म में वैसे भी हर पूजा-पाठ और शुभ काम में मेहंदी लगाना अच्छा माना जाता है। ऐसे में महाशिवरात्रि की पूजा में भी आप हाथों पर मेहंदी रचा सकती हैं। यहां हम आपको ऐसी डिजाइन्स दिखाने जा रहे हैं, जो महाशिवरात्रि के मौके के लिए परफेक्ट हैं।




### महादेव और मां पार्वती की तस्वीर बनवाएं

यदि आपको भरे हाथ मेहंदी रचाना पसंद है तो ये डिजाइन आपके लिए बेहतर रहेगी। इसमें आपको अपने एक हथेली में महादेव की तस्वीर बनानी है तो वहीं दूसरी हथेली पर मां पार्वती की तस्वीर बनाएं। इस मेहंदी को लगाते समय यदि ज्यादा थोड़ा मोटा रखेंगी तो इसका रंग ज्यादा चढ़ेगा।

### लिखवाएं हर-हर महादेव

हर-हर महादेव भोलेनाथ के नाम का जयकारा है, जिससे महाशिवरात्रि पर घर और शिवालय गूंज उठते हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि की मेहंदी में आप



अपनी हथेली पर हर-हर महादेव के साथ हैप्पी महाशिवरात्रि भी लिखवा सकती हैं। इसके साथ महादेव की तस्वीर अवश्य बनाएं।

### मंदिर में पूजा करती महिला की तस्वीर बनवाएं

महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों में महिलाएं पूजा करने जाती हैं। ऐसे में आप अपने हथेली पर शिवलिंग की पूजा करती महिला की तस्वीर बना सकती हैं। दूसरी हथेली पर मंदिर बनाते समय लिखवाएं ओम नमः पार्वती पतये। इससे भी आपकी मेहंदी कमाल की लगेगी।

### शिव मंदिर की तस्वीर बनवाएं

बात जब महाशिवरात्रि की हो रही हो और केदारनाथ का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में आप अपनी मेहंदी में एक साइड केदारनाथ मंदिर की तस्वीर बनवा सकती हैं। इसके अलावा दूसरे हाथ पर त्रिशूल और डमरू की तस्वीर बनाएं।

### शिवलिंग बनवाएं

यदि आपके पास मेहंदी लगाने का ज्यादा समय नहीं है तो हथेली पर शिवलिंग बनवाएं। इसे बनवाने में ज्यादा मेहनत नहीं लगेगी। इसे आप खुद भी लगा सकती हैं। इसके साथ शिवलिंग के नीचे की तरफ ओम नमः शिवाय अवश्य लिखवाएं।